सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-352, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 01 जुलाई, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# मंडी में 4 जगह बादल फटा, 3 की मौत

## 10 लोग लापता, उत्तराखंड में कोटद्वार-बद्रीनाथ और यमुनोत्री मार्ग बंद

**नई दिल्ली।** देश के अधिकतर हिस्सों में जुलाई में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। साथ ही मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा के लोगों को बाढ़ से सतर्क रहने की सलाह दी है।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में सोमवार रात 4 जगह बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 लोग लापता हैं। इसके अलावा 20 घरों को नुकसान पहुंचा है।



उत्तराखंड में भी भारी बारिश का दौर जारी है। सोमवार को कोटद्वार-बद्रीनाथ मार्ग पर सतपुली के पास लैंडस्लाइड हुई। इस वजह से पौड़ी-मेरठ नेशनल हाईवे बंद हो गया। वहीं, उत्तरकाशी में भूस्खलन और कुछ हिस्सों के बह जाने के कारण यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है। राजस्थान में मानसून सीजन में अब तक 136 फीसदी ज्यादा बरसात हुई है। 1 से 29 जून तक औसत बारिश 50 एमएम होती है, जबकि इस सीजन में अब तक कुल 119.4 एमएम बरसात हो चुकी है। आज भी राज्य के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट है।

चारधाम यात्रा को लेकर अपडेट सामने आया है। यमुनोत्री हाईवे अभी जगह-जगह बंद है। खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। तीसरे दिन भी बंद सैकड़ों श्रद्धालु यमुनोत्री की ओर फंसे हुए हैं। स्थानीय लोग उनकी निशुल्क भोजन और ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं। इसके साथ ही स्याना चट्टी में यमुना नदी पर बनी झील यथावत है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान सिलाई बैंड व ओजरी के पास लैंड-स्लाइडिंग/हाईवे का कुछ हिस्सा वाश आउट होने के कारण अवरुद्ध है। हाईवे को सुचारु करने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

गंगोत्री धाम पर यात्रा सुचारु रूप से चल रही है। गंगोत्री यात्रा रूट खुला हुआ है। प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी अभी तक फंसे हुए यात्रियों तक नहीं पहुंचा। फिर चारधाम यात्रा से जुड़े हुए लोगों ने श्रद्धालुओं की ठहरने, भोजन की निःशुल्क व्यवस्था शुरू की है।

# 'मस्क अपनी दुकान बंद कर दक्षिण अफ्रीका लौट जाएं'

## ट्रंप ने दी टेस्ला की सब्सिडी रोकने की धमकी

**वाशिंगटन।** ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल के खिलाफ एलन मस्क लगातार मुखर हैं और बिल का विरोध कर रहे हैं। अब लग रहा है कि ट्रंप के सब्र का भी बांध टूट गया है और अब उन्होंने भी मस्क को धमकी दे डाली है। ट्रंप ने मस्क की कंपनियों को दी जाने वाली सब्सिडी बंद करने की धमकी दी है और कहा है कि मस्क अपनी दुकान बंद करें और दक्षिण अफ्रीका वापस लौट जाएं।




ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'एलन मस्क को राष्ट्रपति पद के लिए मेरा समर्थन करने से पहले ही पता था कि मैं ईवी जनादेश के खिलाफ हूं। ये बकवास है और मैंने हमेशा अपने अभियान में इसका जिक्र किया। इलेक्ट्रिक कारें ठीक हैं, लेकिन हर किसी पर उन्हें थोपा नहीं जा सकता। एलन मस्क को इतिहास में किसी भी व्यक्ति से ज्यादा सब्सिडी मिल सकती है और सब्सिडी के बिना एलन मस्क को शायद अपनी दुकान बंद करके दक्षिण अफ्रीका वापस लौटना होगा। कोई और रॉकेट लॉन्च, सैटेलाइट या इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन नहीं होगा और हमारे देश का बहुत सारा पैसा बचेगा। सरकारी दक्षता विभाग को इस बारे में गहराई से विचार करना चाहिए। बहुत सारा पैसा बचाया जाना चाहिए।'

# तमिलनाडु के शिवाकाशी की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, अब तक 5 की मौत

**शिवकाशी।** तमिलनाडु के शिवकाशी में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ, कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।



बताया जा रहा है कि कुछ लोग और फंसे हो सकते हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। घायलों को इलाज के लिए विरुधुनगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विरुधुनगर जिले के एसपी कन्नन ने बताया कि शिवकाशी के पास चिन्नाकामनपट्टी गांव में एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ। हादसे के बाद फैक्ट्री से लगातार धुएं का गुबार उठता दिखा और अंदर पटाखों के फटने की आवाजें आती रहीं। घटना की जांच की जा रही है। शिवकाशी तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में स्थित है, यह भारत का सबसे बड़ा पटाखा प्रोडक्शन हब है। यहां देश के कुल पटाखा उत्पादन का करीब 75% हिस्सा तैयार होता है।



# केमिकल फैक्ट्री में भीषण धमाके से 35 की मौत

## तेलंगाना हादसे में कई लोग घायल, मृतकों के परिजनों को पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान





**संगारेड्डी।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार (30 जून) को एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण धमाका हुआ। रिएक्टर विस्फोट में 35 लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल हैं। इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़ने की आशंका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर दुख जताया है। साथ ही तेलंगाना केमिकल फैक्ट्री विस्फोट में मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि (मुआवजा) देने की घोषणा की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौके से छह शव बरामद किए गए। वहीं, अस्पताल में इलाज के दौरान कुछ मजदूरों की मौत हो गई। घटना के वीडियो में देखा जा सकता है कि फैक्ट्री से बाहर निकले मजदूर बुरी तरह झुलसे हुए थे।

अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पासमैलारम फेज 1 क्षेत्र में एक रासायनिक कारखाने में हुए विस्फोट में एक दर्जन से अधिक श्रमिक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही 11 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने के काम में जुट गईं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट का सटीक कारण अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने मजदूरों से बात करने के बाद कहा, विस्फोट में औद्योगिक शेड को पूरी तरह उड़ गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि कुछ मजदूर हवा में उछलकर करीब 100 मीटर दूर जा गिरे।

जिस केमिकल फैक्ट्री में धमाका हुआ है, वहां अलग-अलग तरह के रसायन तैयार करने का काम होता है। घटना के समय फैक्ट्री में लगभग 100 मजदूर काम कर रहे थे। धमाके में बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। हालांकि, अब तक 34 घायल और 15 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म होने के बाद ही घायलों और मृतकों का सही आंकड़ा सामने आएगा।

कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक फार्मास्युटिकल कंपनी है, जो सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई), इंटरमीडिएट्स, एक्सिपिएंट्स, विटामिन-खनिज मिश्रणों और संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम) सेवाओं में अग्रणी प्रगति के लिए समर्पित है।

**मौके पर नहीं मिला कोई शव**

तेलंगाना अग्निशमन अधिकारियों ने कहा, यह घटना सिगाची फार्मा कंपनी, पासमैलारम फेज 1 में हुई। 11 दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। घटना के बाद अस्पताल पहुंचने पर कई मजदूरों को मृत घोषित कर दिया गया।

## गाजा के एक कैफे पर इजरायल ने किया भीषण हवाई हमला, 74 लोगों की मौत की खबर



**गाजा।** गाजा पर इजरायल के हमले जारी हैं। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रत्यक्षदर्शियों और स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि गाजा के एक कैफे पर इजरायल ने हवाई हमला किया है। इस हमले में कम से कम 74 लोग मारे गए हैं।

चिकित्सकों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार को पश्चिमी गाजा में कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और स्थानीय निवासियों द्वारा अक्सर इस्तेमाल किए जाने वाले एक लोकप्रिय समुद्र तट कैफे पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 74 फिलिस्तीनी मारे गए। गाजा के हमास द्वारा संचालित नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता ने बीबीसी को बताया कि बचाव दलों ने अल-बका कैफेटेरिया से 20 शवों और दर्जनों घायलों को निकाला। यह एक बाहरी स्थल है, जिसमें समुद्र तट के किनारे टेंट लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आपातकालीन दल अभी भी विस्फोट से बने गहरे गड्ढे में खोज कर रहे हैं। एक स्थानीय प्रोडक्शन कंपनी के कैमरामैन अजीज अल-अफीफी ने बीबीसी को बताया, ैमैं इंटरनेट का उपयोग करने के लिए कैफे की ओर जा रहा था, तभी एक बड़ा विस्फोट हुआ।ै उसने बताया कि वह घटनास्थल की ओर भागा। उसके सहकर्मी वहां थे, वे लोग जिनसे वो हर दिन मिलता था। दृश्य भयावह था। हर जगह शव, खून, चीख-पुकार थी। कार्यकर्ताओं द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में ये भयावह क्षण दिखाई दिया। हमला एक इजरायली युद्धक विमान से दागी गई मिसाइल के द्वारा किया गया। फुटेज में हमले के बाद की स्थिति को कैद किया गया, जिसमें शव जमीन पर बिखरे हुए थे। अल-बका कैफेटेरिया पत्रकारों, कार्यकताओं और दूरदराज के श्रमिकों के लिए एक प्रसिद्ध स्थान बन गया था, जो गाजा के भूमध्यसागरीय तट पर इंटरनेट एक्सेस, बैठने और कार्य करने की जगह प्रदान करता था। इस घटना के सामने आने के बाद गाजा में हड़कंप मच गया है।

## अमरनाथ यात्राः टोकन बंटना शुरू, तत्काल पंजीकरण आज से

### कल तड़के रवाना होगा पहला जत्था




**जम्मू।** वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा 2025 का इंतजार पूरा होने के बिल्कुल करीब है। हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ देश के कोने-कोने से श्रद्धालु जम्मू पहुंचने लगे हैं। यात्रा तीन जुलाई से शुरू हो रही है। पहला जत्था बुधवार तड़के चार बजे जम्मू के भगवतीनगर में बनाए गए यात्री निवास से रवाना होगा। श्रद्धालुओं के लिए तत्काल रजिस्ट्रेशन एक जुलाई से शुरू होगा। इसके लिए टोकन सोमवार से बंटने शुरू हो गए हैं। पहले दिन 2000 भोले भक्तों को टोकन बांटे गए हैं।

श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड की ओर से हर साल आयोजित की जाने वाली उत्साह, उल्लास और आस्था से भरपूर अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक 3.5 लाख से अधिक लोग अग्रिम पंजीकरण करा चुके हैं। बीते सप्ताह उपराज्यपाल रविवार रात से ही जम्मू संभाग में तत्काल पंजीकरण का टोकन लेने के लिए तीन हजार से अधिक श्रद्धालु कतार में खड़े थे। इनमें से एक हजार टोकन पहलगाम रूट के लिए और एक हजार टोकन बालटाल रूट के लिए आवंटित किए गए हैं। टोकन के लिए जम्मू रेलवे स्टेशन के पास सरस्वती धाम में केंद्र बनाया गया है।

**उपराज्यपाल दिखाएंगे हरी झंडी**

जम्मू के भगवतीनगर यात्री निवास में सोमवार तड़के चार बजे जत्था रवानगी की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। बुधवार को तड़के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भोले भक्तों के जत्थे को लेकर जाने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर सुरक्षा काफिले के साथ रवाना करेंगे। पहले जत्थे में जम्मू से पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं के जाने की उम्मीद है। वहीं, साधु-संतों का जत्था भी इसी दिन अलग से रवाना होगा।


**जम्मू से पवित्र गुफा तक की सीसीटीवी निगरानी**

यात्रा मार्गों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों को लगातार परखा जा रहा है। जम्मू से पवित्र गुफा तक के पूरे मार्ग को सीसीटीवी की निगरानी में लाया गया है। त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा दोनों आधार शिविरों के चारों तरफ है। विस्फोटों की जांच में एक्सपर्ट सीआरपीएफ की टीमें डाग स्क्वॉयड के साथ तैनात हैं। इसी तरह तीर्थयात्रियों की आवाजाही के लिए दक्षिण कश्मीर में 1100 वाहनों का बेड़ा तैनात गया है।

**रजिस्ट्रेशन के लिए यहां आएं**

तत्काल रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में कुल पांच केंद्र बनाए गए हैं। इनमें एक केंद्र रेलवे स्टेशन के पास वैष्णवी धाम, दूसरा केंद्र पंचायत भवन और तीसरा केंद्र शालामार रोड स्थित महाजन हॉल में बनाया गया है। वहीं, साधु संतों के पंजीकरण के लिए पुरानी मंडी स्थित श्री राम मंदिर और परेड स्थित गीता भवन में केंद्र बनाए गए हैं। इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम यात्री निवास भगवतीनगर में ही बनाया गया है। इसके अलावा डीसी जम्मू कार्यालय से भी एक नियंत्रण कक्ष काम करेगा।

## रायबरेली में गोली मारकर व्यापारी की हत्या... पत्नी की हालत नाजुक



**रायबरेली।** रात घर में घुसकर गोली मारकर व्यापारी की हत्या कर दी गई। पत्नी चीखी तो हमलावरों ने उसे भी गोली मार दी। पेट में गोली लगने से वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गई। चीख पुकार सुनकर लोगों की भीड़ लग गई। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से व्यापारियों में आक्रोश है।

घटना सेमरी क्षेत्र के महरानीगंज की रात 2 बजे की है। यहां गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी हत्या की गई है। हमलावर बगल के मकान से दूसरी मंजिल पर चढ़े। वहां से व्यापारी के घर पहुंचे और घटना को अंजाम दिया। सूचना पर एएसपी संजीव कुमार सिन्हा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार बंद की घोषणा की है।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNi
हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

आगरा ब्रज

मंगलवार, 1 जुलाई, 2025 www.nnindianews.com



## वृंदावन परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण

# नगर आयुक्त ने 3 किमी पैदल चलकर देखीं सुविधाएं



एनएनआई

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त जग प्रवेश ने वृंदावन परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने केशीघाट से पानीघाट चौराहा तक 3 किलोमीटर पैदल चलकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। केशीघाट पर श्रद्धालुओं के लिए नए चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे। परिक्रमा मार्ग और घाटों पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें जल्द चालू की जाएंगी। प्रेम महाविद्यालय के बाहर फसाड लाइट लगाई जाएगी। स्वच्छता को लेकर विशेष कदम उठाए जाएंगे। खाली प्लॉटों में गंदगी मिलने पर मालिकों को नोटिस जारी किए जाएंगे। परिक्रमा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। मुख्य स्थलों पर डस्टबिन लगाए जाएंगे। जल व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। बंद पड़ी प्याऊ चालू की जाएंगी। सीवर ओवरफ्लो की समस्या को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे। अपर नगर आयुक्त और सहायक नगर आयुक्त को रोज परिक्रमा मार्ग और प्रमुख मंदिर मार्गों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सी.पी. पाठक, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल गर्ग समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कार का टायर फटा, बेकाबू होकर स्कूटी से टकराई: एक की मौत

**फिरोजाबाद** एनएनआई। इंदुमइ गांव के पास एक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मथुरा से शिकोहाबाद की ओर जा रही ब्रेजा कार का अगला टायर फट गया। कार बेकाबू होकर पीछे चल रही इलेक्ट्रिक स्कूटी से टकरा गई।

स्कूटी पर मनमोहन अग्रवाल, काजल यादव और मुकेश कुमार सवार थे। मनमोहन फिरोजाबाद से नई इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदकर ला रहे थे। दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस चौकी इंचार्ज महेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल ले जाते समय मुकेश कुमार की रास्ते में मृत्यु हो गई। मुकेश श्योमइ थाना शिकोहाबाद के रहने वाले थे। कार डिवाइडर से टकरा गई। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने कार सवार को निकालकर अस्पताल भिजवाया। कार सवार भी गंभीर रूप से घायल है, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। काजल पचपेड़ा थाना शिकोहाबाद की रहने वाली हैं, जबकि मनमोहन मोहल्ला गढ़ैया थाना शिकोहाबाद के निवासी हैं।

## बच्चे कर रहे खतरनाक नशा संत प्रेमानंद ने बताए उपाय

एनएनआई

**मथुरा।** नशा मुक्ति अभियान से जुड़े एक समाजसेवी जब संत प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे तो उन्होंने बच्चों और किशोरों में बढ़ती नशे की लत पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि आजकल छोटे बच्चे भी खतरनाक पदार्थों जैसे पेट्रोल और सॉल्यूशन सूंघकर नशा करने लगे हैं। यह एक बेहद चिंताजनक सामाजिक संकट बनता जा रहा है।

समाजसेवी ने बताया कि वे कई वर्षों से बच्चों को नशे की आदत से बचाने के लिए जन जागरूकता अभियान चला रहे हैं, लेकिन अब स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। नशे की शुरूआत उम्र के बेहद नाजुक दौर में होने लगी है। इस पर संत प्रेमानंद महाराज ने परिजन और समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए सबसे जरूरी है कि माता-पिता और परिजन उनसे मित्रवत व्यवहार करें। उन्हें डांटने या डराने की बजाय दोस्त की तरह बात करें, उनकी समस्याएं सुनें और समाधान भी उसी स्नेह और



समझदारी से करें, जैसे एक सच्चा मित्र करता है।

महाराज जी ने यह भी कहा कि जब बच्चों को घर में अपनापन मिलता है तो वे भटकते नहीं हैं। उन्हें अच्छा-बुरा समझाने का सबसे प्रभावी तरीका है प्यार और संवाद। समाजसेवी ने संत प्रेमानंद महाराज का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका यह संदेश नशा मुक्ति अभियान को नई दिशा देगा और अभिभावकों को जागरूक करने में सहायक सिद्ध होगा।

# स्कूल जाते बच्चे को किडनैप करने का प्रयास

### बेहोश कर कार में डाल ले गए बदमाश, बच्चे ने चकमा दिया

एनएनआई

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी के टाउनशिप क्षेत्र में सोमवार को सुबह स्कूल जाते छात्र को कार सवारों ने नशीला रुमाल सुंघाकर बेहोश कर दिया। उसको गाड़ी में डालकर अपहरण कर ले गए। अपहरणकर्ता गाड़ी को टैंक चौराहा क्षेत्र में ले गए। यहां गाड़ी को खड़ा कर किसी काम से चले गए। इसी दौरान छात्र को होश आ गया। उसने गाड़ी में खुद को अकेला पाया तो पैदल ही जिला अस्पताल की ओर दौड़ लिया। वहां पहुंचकर उसने कैंटीन संचालक की मदद से बदमाशों के प्रयास को विफल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने छात्र के परिजन को घटना की सूचना देकर मौके पर बुला लिया।

थाना रिफाइनरी क्षेत्र के अन्तर्गत टाउनशिप स्थित कृष्ण कुन्ज कॉलोनी निवासी हरगोविंद का 11 वर्षीय पुत्र दीपेश सोमवार की सुबह केंद्रीय विद्यालय बाद जाने को अपने घर से निकला था। वह घर से 100 मीटर दूर स्थित गली के कोने पर पहुंचा ही तभी उसके पास आकर एक कार रुकी। कार सवार ने उसके मुंह पर नशीला रुमाल डालकर उसे गाड़ी में




डाल लिया।

बताया गया कि बदमाश छात्र को लेकर टैंक चौराहे के निकट पहुंचे। बच्चे को अचेत समझकर वे खाने-पीने का कुछ सामान लेने के लिए गाड़ी से उतर गए। इसी बीच दीपेश को होश आ गया। अपने आप को अजनबी जगह पर कार में पड़े देखा तो वह मौका पाकर शहर की ओर भाग निकला। बच्चे ने भीड़ भरे इलाके में जिला अस्पताल को अपने लिए सुरक्षित समझा।

पार्किंग में संचालित कैंटीन पर पहुंच गया। घबराए बच्चे ने कैंटीन संचालक विक्की सैनी को बताया कि उसके साथ घटना हुई है। उसके पापा से मोबाइल पर बात करवा दो। कैंटीन संचालक ने समय गंवाए बिना इसकी सूचना अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी प्रभारी विजय कुमार को दी।चौकी प्रभारी ने छात्र द्वारा बताए गए नंबर पर फोन किया तो पूरा परिवार हक्का-बक्का रह गया। परिजन सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच गए। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। घटना से टाउनशिप और उससे लगी कालोनियों में दहशत की स्थिति बनी हुई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस को अभी तक घटना की फुटेज में कोई कार नहीं मिली है। दीपेश पैदल जाते हुए देखा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि दीपेश बार-बार अपने बयान बदल रहा है। इससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

# 'तुम्हारा संबंध पुलवामा हमले से है...', नौ घंटे तक घर में कैद रहा राशन डीलर

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** मैं मुंबई के पुलावा स्टेशन का एसआई बोल रहा हूं। तुम्हारे खाते में 16 करोड़ रुपये आए हैं। तुम्हारा पुलवामा में हुए हमले से सम्बन्ध है। अगर मुझे स्क्रीन से हटाया, तो तुम्हारी और बाहर रहने वाले दोनों बच्चों की हत्या कर दी जाएगी। तुम्हारे यहां के एसएसपी से हमारी बात हो चुकी है। वह तुमको हमारे यहां मुंबई भिजवा देंगे। यह कहकर एक साइबर फ्रॉड ने शहर के राशन डीलर को 9 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट किया। इस घटना से डीलर एवं उसका परिवार दहशत में है। पीड़ित ने पुलिस को घटना की जानकारी दी है।

शहर के मोहल्ला मीर खलील में राशन डीलर राजेश कुमार शर्मा अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके दो बच्चे बाहर रहते हैं। सोमवार को दोपहर उनके फोन पर फोन आया। जिस पर लिखा था टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया, जब डीलर ने फोन रिसीव किया, तो दूसरी ओर से आवाज आई, कि मैं मुंबई के



पुलावा स्टेशन का एसआई बोल रहा हूं। एसआई ने डीलर से कहा कि तुम्हारे आधार कार्ड से केनरा बैंक में जो खाता खुला हुआ है। उसमें 16 करोड़ रुपये आए हैं। तुम्हारा पुलवामा में हुए प्रकरण से सम्बन्ध प्रकाश में आया है। इसलिए तुमको डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। यह सुनते ही डीलर के होश उड़ गए। एसआई ने कहा कि तुम दो से तीन घंटे के अंदर मुंबई आ जाओ। जब राशन डीलर ने कहा कि मैं शिकोहाबाद रहता हूं। इतनी जल्दी मुंबई नहीं आ सकता, तो एसआई ने कहा कि तुम्हारे यहां के एसएसपी से हमारी बात हो चुकी है। वह तुमको मुंबई भिजवा देंगे। तुम यहां चार साल तक सीबीआई की कस्टडी में रहोगे।

इसके अलावा एसआई ने कहा कि चेहरे से तो तुम देशभक्त लगते हो, लेकिन जब तक जांच नहीं हो जाती। तब तक मुझे स्क्रीन से मत हटाना। अगर ऐसा किया तो तुम्हारी, तुम्हारी पत्नी और बच्चों की हत्या कर दी जाएगी। यह सुनकर डीलर और उसकी पत्नी बुरी तरह डर गई। इस तरह पीड़ित राशन डीलर रात 9 बजे तक लगभग आठ घंटे डिजिटल अरेस्ट रहा। किसी तरह राशन डीलर ने दीर्घशंका का बहाना बनाकर जब बाथरूम पहुंचा, तो दूसरे फोन से उसने तत्काल ही अपनी बेटी को फोन कर पूरा मामला बताया। बेटी ने जब कहा कि पापा आप फोन बंद कर दो। बेटी की बात सुनकर राशन डीलर ने फोन ऑफ कर दिया। तब कहीं जाकर डीलर एवं उसकी पत्नी ने राहत की सांस ली। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मस्ती की पाठशाला खत्म, स्कूल चले हम

एनएनआई

**आगरा।** सुबह जल्दी उठना, फटाफट तैयार होना, दौड़ते-दौड़ते स्कूल बस पकड़ना और फिर पढ़ाई और पढ़ाई। घर से थोड़ा भी बाहर निकलने पर आवाज आएगी पढ़ाई नहीं करना क्या..., होमवर्क कौन करेगा...? आज से ये आवाजें अधिकांश घरों में सुनाई देंगी। एक जुलाई से स्कूल खुलने के साथ ही परिवार के सदस्यों की दिनचर्या भी बदल जाएगी और इसका सबसे ज्यादा असर दो महीनों से अपनी मर्जी के मालिक रहे बच्चों की मस्ती पर पड़ेगा। हालांकि बच्चों में पहले दिन स्कूल जाने का उत्साह भी भरपूर रहता है। पहली जुलाई से ही बच्चो को स्कूल, ट्यूशन ओर अभिभावकों की



मर्जी के अनुसार चलना पड़ेगा और मौज-मस्ती को थोड़ा ब्रेक लग जाएगा। वैसे बच्चे एक जुलाई का इंतजार तो करते रहते हैं, पर छुट्टियों की मनसिकता से बाहर निकलना मुश्किल होता है। करीब डेढ़ माहकी गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के साथ ही सोमवार को स्कूलों में फिर से रौनक लौट आएगी। इसके साथ ही उन घरों की दिनचर्या भी बदल जाएगी, जहां बच्चे सुबह जल्दी स्कूल जाते हैं। सरकारी स्कूलों में सोमवार को नए सत्र का पहला दिन होगा। जबकि अधिकांश निजी और पब्लिक स्कूलों में नये सत्र की शुरूआत अप्रैल माह ही हो गई थी। स्कूलों में नए सत्र के शुरूआत के पहले ग्रीष्मावकाश के अंतिम दिन सोमवार को बाजारों में चहल-पहल रही। स्कूलों के बच्चे जहां किताबें, बैग, टिफिन ओर बोतल खरीदने में व्यस्त रहे।

**पहला दिन चुनौती का**

सबसे ज्यादा परेशानी उन बच्चों को होगी, जो पहली बार स्कूल जाएंगे। वैसे माता-पिता इस दिन का लम्बे समय से इंतजार करते रहते हैं, पर मासूमों के लिए पहला दिन किसी चुनौती से कम नहीं रहता। भले ही स्कूल में उन्हें कितने ही खिलौने और नए साथी मिल जाएं, पर उनके लिए परिवार का एहसास ज्यादा मायने रखता है।

# ताज के पास फायरिंग करने वाला निकला मानसिक रोगी

## पुलिस ने लखनऊ से किया गिरफ्तार

एनएनआई

**आगरा।** ताजमहल के पश्चिमी गेट के समीप सुरक्षा में सेंध लगा कर फायरिंग करने वाला मानसिक रोगी निकला। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को महज सात घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी पंकज कुमार आजमगढ़ का रहने वाला है। उसके पास लाइसेंसी रिवाल्वर है। वह पेशे से एलआईसी एजेंट है। उसका शस्त्र लाइसेंस 2021 में आजमगढ़ से बना है, जबकि लखनऊ स्थित नूर मंजिल साइकेट्रिक सेंटर में उसका वर्ष 2003 से इलाज चल रहा है। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार का कहना है कि उसके लाइसेंस के संबंध में आगरा पुलिस रिपोर्ट भेजेगी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी का इलाज उसका भाई लखनऊ में कराता था। इसलिए वह सीधा वहीं पहुंच गया। पुलिस ने उसके इलाज का पर्चा जारी किया है। वह दिसंबर 2003



का है। वहीं पुलिस के अनुसार उसका शस्त्र लाइसेंस 2021 में जारी किया गया है। सवाल उठता है कि जब उसका इतने लंबे समय से मनोरोग का इलाज चल रहा था तो शस्त्र लाइसेंस कैसे बन गया? इस संबंध में पुलिस आयुक्त दीपक कुमार का कहना है कि आरोपी के शस्त्र लाइसेंस के निरस्तीकरण के लिए आगरा पुलिस अपनी रिपोर्ट आजमगढ़ भेजेगी।

पुलिस के अनुसार पंकज अपनी पत्नी, बच्चों सहित 6 लोगों के साथ कार से भ्रमण करने निकला था। प्रयागराज से मथुरा, गोवर्धन भ्रमण किया। गोवर्धन में परिवारीजनो से उसका झगड़ा हो गया। इसके बाद वह परिजन को गोवर्धन में छोड़कर टैक्सी करके आगरा पहुंच गया। सवाल यह कि मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति मजबूत सुरक्षा घेरे में घुसा। पुलिसकर्मियों पर रौब गांठा। इसके बाद 100 मीटर दूर जाकर फायरिंग कर आराम से निकल गया। वह केवल ताजमहल के आसपास से नहीं, शहर से दूर लखनऊ तक जा पहुंचा। वहां पुलिस ने उसे पकड़ा।

ताजमहल की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को किसी भी तरह के हमले से निपटने के लिए हर माह मॉक ड्रिल करवाया जाता है। बैरियर से महज 100 मीटर की दूरी पर आरोपी ने वारदात की। वह उसी कार से ट्रांस यमुना कॉलोनी तक पहुंचा और पुलिसकर्मियों ने पीछा भी नहीं किया। एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद का कहना है कि कार सवार सुरक्षा घेरे में नहीं पहुंचा था। पुलिसकर्मियों ने उसे पहले ही लौटा दिया था। प्रकरण की जांच की जा रही है।

# गुरु का तल कट इसी सप्ताह बंद होगा, बदलेगी यातायात व्यवस्था



एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) इसी सप्ताह गुरुद्वारा कट को बंद कर बैरिकेडिंग कर देगा। इससे पहले बने कट को चालू कर दिया जाएगा। सोमवार को यूपीएमआरसी की टीम ने कट का निरीक्षण किया है। यहां संकेतक समेत अन्य कार्य किए जाने बाकी हैं।

यूपीएमआरसी के परियोजना निदेशक अरविंद राय ने बताया कि पहले कॉरिडोर के अंतिम तीन स्टेशन आईएसबीटी, गुरु के ताल और सिकंदरा एलिवेटेड हैं। इसमें आईएसबीटी स्टेशन का कार्य चल रहा है और ये सर्विस रोड पर बन रहा है। गुरुद्वारा पर बने कट पर ही स्टेशन बनना है। ऐसे में इसे इसी सप्ताह बंद कर दिया जाएगा।

इस कट से करीब 20 मीटर पहले ही नया कट बना दिया है। यहां संकेतक समेत अन्य जानकारी के लिए बोर्ड लगाए जाएंगे। पुराना कट बंद करने की जानकारी यातायात पुलिस को भी दे दी है। स्टेशन बनने के बाद पुराना कट फिर से चालू हो जाएगा और नया बंद कर दिया जाएगा।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# बीच सड़क पर पति ने पीटा-लूटा, मुकदमा भी करा दिया

एनएनआई

**आगरा।** सदर थाना क्षेत्र में पति-पत्नी के बीच सड़क पर मारपीट हो गई। पत्नी का आरोप है कि वह अपने मालिक के साथ घर आ रही थी। पति और उसके घर वालों ने रास्ते में रोक पिटाई कर मोबाइल और चेन भी छीन ली। पुलिस से शिकायत पर सुनवाई नहीं हुई। उल्टा पति की तहरीर पर उसके खिलाफ ही केस दर्ज कर लिया। अब वो थाने-चौकी के चक्कर काटने को मजबूर हैं। डीसीपी ने मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

नामनेर निवासी रहीशा खान ने बताया कि 25 साल पहले यूनिस से निकाह हुआ था। पति घर का खर्च नहीं देता है। इस कारण वह काम कर रही है। दो बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी भी उन पर ही है। 20 जून को बारिश की वजह से वो मालिक के साथ घर आ रही थी। रास्ते में

▶▶ पीड़िता रिपोर्ट कराने को दर-दर भटक रही

यूनिस ने पकड़ लिया। ससुराल वाले भी आ गए और पिटाई कर दी। सूचना पर पुलिस आ गई।

वह शिकायत करने थाने गई, लेकिन उसका मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। 21 जून को पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। 27 जून को थाने से चौकी भेजा गया। 3 घंटे तक वह चौकी पर बैठी रही। बाद में पता चला कि पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वह डीसीपी सिटी से भी शिकायत कर चुकी है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि मामले में पति ने मुकदमा दर्ज कराया है। महिला की शिकायत पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मुड़िया पूर्णिमा मेला के लिए आगरा से 250 बसें होंगी रवाना

एनएनआई

**आगरा।** मुड़िया पूर्णिमा मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम की ओर से 1000 बसें मथुरा भेजी जाएंगी। इनमें आगरा क्षेत्र से सबसे अधिक 250 बसें रवाना की जाएंगी। सभी बसें डबल क्रू के साथ संचालित होंगी। यात्रियों से मथुरा से गोवर्धन का 50 रुपये का किराया लिया जाएगा।

बसों का संचालन मथुरा के भूतेश्वर बस स्टेशन और रेलवे गेट नं. 2 (मालगोदाम) से किया जाएगा। गोवर्धन जाने का मार्ग गोवर्धन चौराहा होकर अड़ींग से गुजरेगा। वापसी मार्ग सोंख मंडी, नरहौली चौराहा और धौली प्याऊ रहेगा। जाम से बचाव के लिए इंटरसेप्टर क्यूआरटी टीम और तीन स्थानों पर क्रेन तैनात रहेगी। साथ ही, तकनीकी टीमें भी तत्काल सेवा में उपलब्ध रहेंगी।




**इन शहरों से जाएंगी इतनी बसें**

अलीगढ़-150, गाजियाबाद-150, मेरठ-100, इटावा-150, मुरादाबाद-100 और बरेली से 100 बसें जाएंगी।

4 जुलाई से आगरा से बस रवाना होंगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी इंतजाम प्रशासन की ओर से कर लिए गए हैं।

**- बीपी अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक**

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

## अपना आगरा

मंगलवार, 01 जुलाई, 2025 www.nnindianews.com



# निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, सीडीओ ने दिए कड़े निर्देश

- जनशिकायतों की समीक्षा बैठक सम्पन्न, 10 अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

एनएनआई

**आगरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस, तहसील दिवस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से जुड़ी जनशिकायतों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। यह समीक्षा 24 से 30 जून के बीच प्राप्त शिकायतों और उनके फीडबैक के आधार पर की गई। हेल्पलाइन से जुड़े 17 मामलों में से 11 पर संतोषजनक जबकि 6 पर असंतोषजनक फीडबैक मिला। इनमें उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता से संबंधित दो मामले प्रमुख रूप से चिह्नित हुए। वहीं आईजीआरएस के 88 मामलों में 50 संतोषजनक और 38 असंतोषजनक फीडबैक दर्ज हुए। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को सर्वाधिक 14 असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुए। ब्लॉक स्तर पर चार मामलों में तीन संतोषजनक और एक असंतोषजनक फीडबैक सामने आया। मुख्य विकास अधिकारी ने 50% या उससे अधिक नकारात्मक फीडबैक वाले अधिकारियों पर सख्ती बरतते हुए 10 अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी प्रत्येक शिकायत का मूल्यांकन करें, शिकायतकर्ता से संपर्क करें और स्थलीय निरीक्षण कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, प्रशिक्षु आईएएस, नगर आयुक्त समेत सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# रूस से रुचि, फिलीपींस से साझेदारी

## डीबीआरएयू ने बताई अंतरराष्ट्रीय सफलता की कहानी

- डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि ने 99वां स्थापना दिवस पर उपलब्धियां साझा की

एनएनआई



**आगरा।** 99वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर विवेकानंद परिसर स्थित अतिथि गृह में कुलपति प्रो. आशु रानी ने 2024-25 सत्र की प्रमुख सफलताओं का विवरण प्रस्तुत किया। एनएएसी द्वारा विश्वविद्यालय को ऊंची श्रेणी का ग्रेड प्रदान किए जाने पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि इस अवधि में 236 शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गईं, 340 शोध-पत्र एवं 118 पुस्तकें एवं अध्याय प्रकाशित हुए, 32 पेटेंट स्वीकृत हुए और 82 अनुसंधान परियोजनाएं प्रगतिशील रूप से चल रही हैं। 536 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों एवं व्याख्यानों में से 64 अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतियां थीं। करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सेवा के अंतर्गत 695 विद्यार्थियों को नियुक्ति पर मिले और 18 परामर्शपरक योजनाएं सफल रहीं। इस अवसर पर रूसी विद्यार्थियों द्वारा हिंदी भाषा में रुचि दिखाए जाने पर भी चर्चा हुई। सत्र 2024-25 में 25 नए महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनसे कुल समझौता ज्ञापनों की संख्या 75 हो गई। बुनियादी ढांचे के विस्तार में मेजर ध्यानचंद खेल मैदान, आधुनिक कक्षाएं, नवीन प्रयोगशालाएं तथा केंद्र पुस्तकालय में नई पहचान प्रणाली स्थापित की गई है। आने वाले शताब्दी समारोह (2027) की तैयारियों में त्वरित परिणाम प्रणाली, एक हजार सीटों वाली संगणकीय परीक्षा कक्ष तथा आभासी पुस्तकालय की स्थापना योजना में हैं। प्रधानमंत्री उषा योजना के अंतर्गत दो करोड़ रुपये अनुदान प्राप्ति पर भी प्रकाश डाला गया। पत्रकार वार्ता में परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओम प्रकाश, आईक्यूएसी निदेशक प्रो. संजय चौधरी, अधिष्ठाता छात्रकल्याण प्रो. भूपेंद्र स्वरूप शर्मा, डीन अकादमिक डॉ. मनु प्रताप सिंह एवं जनसंपर्क अधिकारी पूजा सक्सेना उपस्थित थे।

# यू-गर्डर स्थापना से आगरा मेट्रो परियोजना को मिली नई गति

## दूसरे गलियारे में शुरू हुआ एलिवेटेड स्ट्रक्चर का कार्य, सुरंग निर्माण अंतिम चरण में

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल निगम (यूपीएमआरसी) ने आगरा कैंट से कालिंदी विहार तक प्रस्तावित मेट्रो के दूसरे गलियारे में पहली यू-गर्डर की सफलतापूर्वक स्थापना कर दी है। 500 टन क्षमता वाली दो भारी क्रेनों की मदद से इस यू-गर्डर को पियरकैप पर रखा गया। यह कार्य पूरी तरह से कुशल अभियंताओं की निगरानी और सुरक्षा मानकों के तहत संपन्न हुआ। इस खंड के डौकी स्थित यार्ड में पियर, पियरकैप और यू-गर्डर जैसे संरचनात्मक घटकों का निर्माण निरंतर जारी है। परियोजना निदेशक अरविंद कुमार राय सहित वरिष्ठ इंजीनियरों ने मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता का निरीक्षण किया और



कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। वर्तमान में मेट्रो का पहला गलियारा ताज ईस्ट गेट से सिकंदरा तक तैयार है, जिसमें ताज ईस्ट गेट से मनकामेश्वर स्टेशन तक सेवा पहले से ही चालू हो चुकी है। वहीं दूसरे गलियारे के भूमिगत खंड में चार स्टेशनों का सिविल कार्य पूर्ण हो चुका है। अब वहां मशीनरी इंस्टॉलेशन, विद्युत तथा संचार यंत्रणाओं का काम तेजी से जारी है। सुरंग निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में पहुंच चुका है। यू-गर्डर की सफल स्थापना को परियोजना में गति का प्रतीक माना जा रहा है। आगामी महीनों में दूसरे गलियारे में चरणबद्ध परीक्षण, सुरक्षा निरीक्षण और फिर सेवा विस्तार की योजना है, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# शहीद स्मारक लाइट एंड साउंड शो के टिकट दर में हो सकती है कटौती

## भारतीय दर्शकों के लिए टिकट 100 रुपये से 50 रुपये करने की तैयारी, समूह बुकिंग भी होगी सस्ती

एनएनआई

**आगरा।** संजय प्लेस स्थित शहीद स्मारक पर चल रही प्रकाश एवं ध्वनि प्रस्तुति के प्रवेश शुल्क में शीघ्र ही 50% तक की कटौती की जा सकती है। अभी तक भारतीय पर्यटकों के लिए टिकट दर 100 रुपये और विदेशी आगंतुकों के लिए 300 रुपये निर्धारित थी।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह द्वारा हालिया समीक्षा बैठक में भारतीय दर्शकों की कम रुचि को देखते हुए टिकट दर में कटौती के निर्देश दिए गए।

आगरा विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता (विद्युत) आरआरपी सिंह ने पुष्टि की कि आगामी सप्ताह से भारतीय दर्शकों के लिए प्रवेश शुल्क 50 रुपये कर दिया जाएगा। हालांकि विदेशी दर्शकों के टिकट शुल्क में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने बताया कि विद्यालयों, सामाजिक-सांस्कृतिक



संस्थाओं की समूह बुकिंग दरों में भी कटौती की जाएगी, जिससे छात्र, बुजुर्ग और सामूहिक दर्शक समूह लाभान्वित हो सकें।

शहीद स्मारक पर प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक कुल चार शो आयोजित होते हैं, जिनमें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीरों की गाथा प्रकाश, वाणी, संगीत और चित्रों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत की जाती है। यह आयोजन नवीन मंच व आधुनिक ऑडियोविजुअल तकनीक से सुसज्जित है और प्रदेश सरकार की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक माना जा रहा है।

टिकट दरों में प्रस्तावित कटौती से दर्शकों की संख्या में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण परिसर के प्रवेश मार्ग का जीर्णोद्धार और पार्किंग सुविधा के उन्नयन पर भी कार्य प्रगति पर है, ताकि आगंतुकों को बेहतर अनुभव मिल सके।

# रक्तदान के संकल्प के साथ मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

## समाजवादियों ने 52 यूनिट रक्तदान कर सेवा, संघर्ष और संवेदना को किया समर्पित

**आगरा (एनएनआई)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर लोकहितम ब्लड बैंक, कमला नगर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। आयोजन का नेतृत्व मुलायम यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा ने किया, जिन्होंने स्वयं रक्तदान करते हुए कहा, हमारे नेता संघर्ष, सेवा और संवेदना के प्रतीक हैं। शिविर में 52 युवाओं, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने रक्तदान कर अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन को जनसेवा को समर्पित किया। आगरा दक्षिण से पूर्व प्रत्याशी विनय अग्रवाल ने कहा कि रक्त की हर बूंद दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याण को समर्पित है। समाजवादी महानगर अध्यक्ष वाजिद निसार ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट संघर्ष का आह्वान किया, जबकि दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष सतीश चाहर ने 2027 में समाजवादी सरकार बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई मुख्य अतिथियों–विनय अग्रवाल, वाजिद निसार, नितिन कोहली, रितेश कुमार यादव सहित अन्य नेताओं ने शिविर की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए रक्तदान को जनसेवा का सर्वोत्तम उदाहरण बताया।



NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# एसएन मेडिकल कॉलेज में 'स्टॉप डायरिया अभियान 2025' का आगाज

## ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित, बच्चों में मृत्यु दर शून्य करने का लक्ष्य

**आगरा** (एनएनआई)। एसएन मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में शुक्रवार को 'स्टॉप डायरिया अभियान 2025' का शुभारंभ किया गया। यह राष्ट्रीय अभियान भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशन में 20 जून से 31 जुलाई तक चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को शून्य तक लाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने किया। इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. तेजपाल सिंह, अधीक्षक डॉ. ब्रजेश शर्मा, बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार समेत अन्य विभागाध्यक्ष, रेजिडेंट डॉक्टर और छात्र मौजूद रहे। आयोजन का संयोजन डॉ. गीतू सिंह ने किया, जबकि आगामी गतिविधियों की रूपरेखा डॉ. हिमालय सिंह ने प्रस्तुत की। अभियान के अंतर्गत विद्यालयों, समुदायों और अस्पतालों में जनजागरूकता कार्यक्रम, परामर्श सत्र और रैलियां आयोजित की जाएंगी। कॉलेज की ओपीडी में ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित किया गया है, जहां मरीजों को डायरिया की रोकथाम और उपचार संबंधी जानकारी दी जा रही है।




साथ ही निःशुल्क ओआरएस और जिंक टैबलेट का वितरण भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच पोस्टर, स्लोगन और रील प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने डायरिया को एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बताते हुए स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल और जनजागरूकता को इसकी रोकथाम के प्रभावी उपाय बताया।

# चार वरिष्ठ प्राध्यापकों को डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि में विदाई



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के आवासीय शिक्षक संघ द्वारा आज आयोजित समारोह में चार वरिष्ठ प्राध्यापकों को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित कर विदाई दी गई। कुलपति प्रो. आशु रानी ने प्रो. सुगम आनंद, प्रो. विनीता सिंह, प्रो. पीके सिंह एवं प्रो. यूसी शर्मा को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शरद चंद्र उपाध्याय एवं महामंत्री प्रो. बीपी सिंह ने सेवानिवृत्त प्राध्यापकों का शिक्षक समुदाय की ओर से अभिनंदन किया। समारोह में डीन आईक्यूएसी प्रो. संजय चौधरी के साथ प्रो. ब्रजेश रावत, प्रो. वीके सारस्वत, प्रो. मोहम्मद अरशद, प्रो. लवकुश मिश्रा, प्रो. अनिल गुप्ता एवं प्रो. भूपेन्द्र स्वरूप शर्मा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. संतोष बिहारी शर्मा ने किया। विवि परिवार ने इन विद्वानों के समर्पित योगदान की सराहना करते हुए उनके दीर्घ, स्वस्थ एवं सुखी भविष्य की कामना की।

# संस्कृत संभाषण शिविर संवाद में प्रकट हुआ जीवनदर्शन

- प्राचीन भाषा को आधुनिक संदर्भ में सीखने का मिला अवसर, 125 प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण

एनएनआई

**आगरा।** कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी एवं भाषा विज्ञान विद्यापीठ के सूर कक्ष में आयोजित सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का शनिवार को सफल समापन हुआ। कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में 125 प्रतिभागियों को संस्कृत के सरल व व्यवहारिक वाक्यों के माध्यम से दैनिक जीवन में उपयोगी भाषा-ज्ञान प्रदान किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्यापीठ निदेशक प्रो. प्रदीप श्रीधर ने किया। उन्होंने संस्कृत को भारत की आत्मा बताते हुए भाषाई गौरव के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। समापन



सत्र में आरबीएस कॉलेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. छगन लाल शर्मा ने संस्कृत के वैज्ञानिक स्वरूप पर प्रकाश डाला और बताया कि इसके व्याकरण व शब्दकोश से अन्य भाषाओं को सीखना सहज हो जाता है।

उन्होंने तेलुगु व रूसी भाषा में प्रयुक्त संस्कृत शब्दों के उदाहरण भी प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि प्रो. गुंजन (बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय) ने वेदों व पुराणों में निहित जीवनदर्शन को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में समझाते हुए संस्कृत को विश्व भाषा बताया। उन्होंने गीता के कर्मयोग सिद्धांत से प्रेरणा लेकर जीवन को उन्नत बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वर्षा रानी ने किया जबकि डॉ. पल्लवी आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. संध्या श्रीवास्तव, डॉ. सादिया हुसैन, मंगला शर्मा, नंदिनी, रेनू, निधि, खुशी, बसंत यादव सहित विभागीय शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ब्रज कविता की सरिता में डूबे श्रोता, कवियों ने बांधा समां

## ब्रजभाषा काव्य मंच का भव्य काव्य समारोह सम्पन्न

**आगरा** (एनएनआई)। ब्रजभाषा काव्य मंच के तत्वावधान में बोदला-सिकंदरा मार्ग स्थित हॉल में आयोजित काव्य समारोह में ब्रजभाषा साहित्य की मधुर बयार बही। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य मूलचंद शर्मा 'निर्मल' (मथुरा) ने की। दीप प्रज्वलन और उमाशंकर पाराशर की वंदना के साथ समारोह का शुभारंभ




हुआ। मंचाध्यक्ष रामेन्द्र शर्मा 'रवि' ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व शब्द-पुष्पों से किया। डॉ. राजेंद्र मिलन और डॉ. मधु भारद्वाज को साहित्य व समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए ब्रज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कवि विनय बंसल के गीत-संग्रह और सब कुछ ठीक है का लोकार्पण डॉ. मिलन, डॉ. भारद्वाज, रामेन्द्र शर्मा रवि और आयोजकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। काव्यपाठ सत्र में संजय शर्मा, योगेश योगी, प्रभुदत्त उपाध्याय, इंदल सिंह इन्दु, राकेश शर्मा निर्मल, डॉ. यशोयश, आर.पी. मिश्रा और विनय बंसल ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्कार भारती महानगर के नंदनंदन गर्ग, एडवोकेट शैलेंद्र शर्मा, पांडेय (कमिश्नरी), सुभाष अनोखा और राम मृत्युंजय शर्मा समेत अनेक गणमान्य अतिथियों ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। समारोह का संचालन राकेश शर्मा निर्मल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन योगेश योगी ने प्रस्तुत किया। अंत में रामेन्द्र शर्मा रवि ने घोषणा की कि यह हॉल अब भविष्य में साहित्यिक आयोजनों के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेगा।

# टेंऊराम जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सागर

## हजारों श्रद्धालुओं ने लिया सत्संग, भजन और भंडारे का आनंद

एनएनआई

**आगरा।** केदार नगर स्थित सद्गुरु स्वामी टेंऊराम आश्रम में पूज्य आचार्य सद्गुरु स्वामी टेंऊराम महाराज का 139वां जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। 21 मई से 30 जून तक चले सद्गुरु स्वामी टेंऊराम चालीसा के समापन पर हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य सेविका दीदी भगवंती साजनानी ने संतों की महिमा का वर्णन करते हुए सत्संग में सतनाम साक्षी मूल मंत्र के महत्व को बताया। प्रातः 5 बजे अमृत वेला में प्रभात फेरी, प्रार्थना, भजन, ब्रह्मदर्शनी पाठ, गुरु प्रार्थनाष्टक, टेंऊराम चालीसा, सोलह शिक्षाएं, प्रेम प्रकाश ग्रंथ और श्रीमद्भगवद्गीता के पाठ हुए। साथ ही भजनों पर अंताक्षरी, सांस्कृतिक



प्रस्तुतियां, छप्पन भोग व नाटिका का आयोजन हुआ। पल्लव की विशेष अरदास प्रार्थना के साथ आयोजन का समापन हुआ।

हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य सेविका दीदी भगवंती साजनानी ने भक्तों का आभार व्यक्त किया। सेवा में विनोद साजनानी, श्याम चांदनी भोजवानी, जगदीश मोहनानी, नरेश तीथंर्नी, वासु, निर्मला लालवानी, वर्षा वंजानी, इंदु, तम्मना ज्योति, रेखा, पूजा, कोमल, निम्मा, नीलू, जानकी, सुनीता, अमित, अनिल, सुनील, विनोद, दीपक, घनश्याम, सीतलदास, प्रतापराय, मनीष सहित अनेक सेवकों का विशेष योगदान रहा।



# समाधिस्थ आचार्यश्री विद्यासागर जी को किया नमन

## सूरसदन में मनाया समाधिस्थ आचार्यश्री महाराज का 58 वां मुनि दीक्षा दिवस समारोह

एनएनआई

**आगरा।** आगरा दिगंबर जैन परिषद के तत्वावधान में श्रमण मुनि श्री सौम्यसागर जी महाराज एवं मुनिश्री निश्चलसागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में आगरा के सूर सदन प्रेक्षाग्रह में आषाढ़ शुक्ल पंचमी पर समाधि आचार्यश्री विद्या सागर जी महाराज का 58वां मुनि दीक्षा पर्व गुरु उपकार दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एव मंगलाचरण के साथ हुआ। आगरा दिगंबर जैन परिषद के पदाधिकारीओं ने मुनिसंघ का पाद प्रक्षालन किया और साथ ही सौभाग्य शाली भक्तों ने मुनिसंघ के समक्ष 58 जिनवाणी भेंट की गई। बालिकाओं एवं महिलाओं ने भक्ति गीत पर नृत्य कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। वहीं आगरा की विभिन्न शैलियों ने भक्तिभाव के साथ संगीतमय अष्ट द्रव्यों की थाल सजाकर समाधिस्थ आचार्यश्री विद्या सागर जी महाराज का सामूहिक पूजन कर उनको नमन किया।



इसकेबाद मुनिश्री सौम्यसागर जी महाराज ने मंगल उद्बोधन देते हुए कहा कि आगरा नगर वासियों का परम सौभाग्य है कि उन्हें आचार्यश्री विद्या सागर जी महाराज का 58वां मुनि दीक्षा मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कहा कि आचार्यश्री के बिना यह दूसरा मुनि दीक्षा दिवस है। उन्होंने बताया कि तिथि के अनुसार भले ही यह दिन 11 जुलाई को आने वाला हो लेकिन तारीख के अनुसार 30 जून 1968 को अजमेर नगर में आचार्यश्री ज्ञान सागर जी महाराज ने आचार्यश्री विद्या सागर जी महाराज को मुनि दीक्षा प्रदान की थी।आगरा दिगंबर जैन परिषद एवं आगरा सकल जैन समाज द्वारा मुनिसंघ के समक्ष

श्रीफल भेंटकर मंगल चातुर्मास 2025 हेतु निवेदन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के मध्य में ही मुनिश्री की चातुर्मास घोषणा हुई जहां मुनिश्री ने अपने मुखारविंद से आगरा नगर में मंगल चातुर्मास करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर आयोजक समिति ने अतिथियों का माला पहनकर स्वागत सम्मान किया। इस कार्यक्रम में संगीत शशि जैन पाटनी द्वारा दिया गया। संचालन मनोज जैन बाकलीवाल द्वारा किया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद नवीन जैन उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में आगरा दिगंबर जैन परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन प्रदीप जैन पीएनसी,मनोज जैन बाकलीवाल, सुनील जैन ठेकेदार, राकेश जैन, निर्मल मोठ्या, विभू बैनाड़ा, दिलीप जैन, राजेंद्र जैन, पन्ना लाल बैनाडा, रूपेश जैन, अनिल जैन, नरेश जैन, सतेन्द्र जैन साहुला, पवन जैन, यशपाल जैन, मनोज जैन बल्लो, मुरारी लाल जैन, प्रवीन जैन, शुभम जैन, बीना बैनाड़ा, उमा मोठ्या, पुष्पा बैनाड़ा समस्त आगरा जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ आगरा ने समर्पण ब्लड बैंक को भेंट की रक्तदान एवं परिवहन वैन

एनएनआई

**आगरा।** रोटरी क्लब ऑफ आगरा द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए समर्पण ब्लड बैंक, दिल्ली गेट, आगरा को एक अत्याधुनिक रक्तदान एवं परिवहन वैन समर्पित की गई। लगभग 36 लाख की लागत से तैयार यह वैन रोटरी इंडिया फाउंडेशन के रोटफइंडिया ग्रांट के अंतर्गत, अतुल इंजीनियरिंग उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, आगरा के सौजन्य से प्रदान की गई है।

यह वैन न केवल मोबाइल ब्लड कलेक्शन की अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है, बल्कि इसमें एक साथ तीन डोनरों से रक्त संग्रह की सुविधा, ठंडा रखने की व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा उपकरण, एयर कंडीशनिंग और रक्त संग्रह समन्धित सभी व्यवस्था भी की गई है, जिससे यह ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रक्तदान शिविरों के संचालन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

मुख्य अतिथि के रूप में आगरा मंडल के मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट




अतिथि के रूप में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3110 के मंडलाध्यक्ष रोटेरियन नीरव निमेष अग्रवाल उपस्थित थे। वैन की चाबी अतुल ग्रुप के चेयरमैन रोटेरियन राम सरन मित्तल और रोटरी क्लब ऑफ आगरा की अध्यक्ष रोटेरियन नम्रता पणिकर की गरिमामयी उपस्थिति में, समर्पण समिति के अध्यक्ष योगेश कंसल एवं समर्पण हॉस्पिटल के निदेशक अजय कंसल को सौंपी गई।

रोटरी क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन नम्रता पणिकर ने बताया कि समर्पण ब्लड बैंक की ओर से यह चिंता साझा की गई थी कि वैन न होने के कारण कई बार उन क्षेत्रों में रक्तदान शिविर आयोजित नहीं हो पाते, जहाँ संसाधनों की कमी होती है। इसी समस्या के समाधान हेतु इस प्रोजेक्ट को रोटरी इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से आकार दिया गया। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य है कि रक्त की आवश्यकता से कोई जान न जाए, और यह वैन उसी दिशा में हमारा ठोस प्रयास है।" मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने इस नेक पहल की सराहना करते हुए कहा कि, "रोटरी क्लब ऑफ आगरा एवं अतुल इंजीनियरिंग द्वारा प्रस्तुत यह रक्तदान वैन वास्तव में समाज के लिए एक अमूल्य उपहार है। यह शहर में रक्त की आपूर्ति बढ़ाने में सहायक होगी और जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देने में सहायक बनेगी।"

# टीम पापा ने डिप्टी सीएम से की निजी विद्यालयों की शिकायत

**आगरा** एनएनआई। आगरा प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स, टीम पापा के संस्थापक एवं संरक्षक मनोज शर्मा ने शिक्षा विभाग व निजी विद्यालयों के षड्यंत्र की शिकायत डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से उनके लखनऊ आवास पर मुलाकात कर लिखित रूप में सौंपी। शिकायत में बताया गया कि संस्था ने चार महीने तीन ज्ञापन आगरा जिलाधिकारी को सौंपें है, पर निजी विद्यालयों की मनमानियों ने शिक्षा अधिनियम 2018 की धज्जियां उड़ा रखी है। विभाग किसी भी विद्यालय पर कार्यवाही नही करता। टीम पापा ने मांग की कि उत्तरप्रदेश में निःशुल्क दुर्बल आय वर्ग के दाखिले के लिये, लाभार्थियों की आय सीमा काफी कम है।



# एसएन में 20 बेड की मदर एंड न्यू बॉर्न केयर यूनिट का शुभारंभ



एनएनआई

**आगरा।** सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज आगरा में 20 बेड की मदर एंड न्यूबॉर्न केयर यूनिट का शुभारंभ हो गया। एनएचएम के माध्यम से बनाई गई यूनिट एयर कंडीशन है। यूनिट में वार्मर और फोटोथेरेपी की भी व्यवस्था है।

एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.प्रशांत गुप्ता ने बताया कि यह यूनिट (टइल) ब्लॉक में सेकंड फ्लोर पर स्थापित हुई है। यह उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय मेडिकल कॉलेज में प्रथम यूनिट है जो स्थापित एवं क्रियाशील हुई है। यूनिट का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन नवजात शिशु को इंटेंसिव केयर यूनिट की जरूरत नहीं है और जो बीमारी है। उसकी वजह से अस्पताल में रखने की आवश्यकता है, ऐसे मरीजों का इलाज उनकी मां के साथ ही किया जाता है। ऐसा पाया गया है कि किसी नवजात का इलाज यदि मां के साथ किया जाए तो उसका बच्चों के ऊपर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और उसकी जो बीमारी है उसके ठीक होने की संभावना ज्यादा हो जाती है। बताया कि यह 20 बेड की यूनिट है जिसमें मदर के लिए साथ ही बच्चे के रहने (यूनिट ) की व्यवस्था भी साथ में है। यह यूनिट पूरी तरह से एयर कंडीशन है, साथ ही इसमें मनोरंजन व मां के एजुकेशन के लिए टीवी की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही यूनिट में वार्मर और फोटोथेरेपी की भी व्यवस्था है।



# वैश्य समाज संगठन मनाएगा मंत्री का जन्मदिन

**आगरा** एनएनआई। वैश्य समाज संगठन द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अजय केसरी, प्रीति गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक का आयोजन भगत हलवाई करकुंज रोड आवास विकास कॉलोनी आगरा पर संपन्न हुआ। वैश्य समाज संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता के जन्मदिन 12 जुलाई के उपलक्ष में किए जाने वाले कार्यक्रम की समीक्षा की गई। अजय केसरी एवं प्रीति गुप्ता द्वारा कार्यकारिणी सदस्यों को किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत अवगत कराया। बैठक में शुचि खंडेलवाल, जिला अध्यक्ष अमृता पोरवाल, सचिव सपना गर्ग, रश्मि गुप्ता, छाया, सुनीता गुप्ता, शहर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, ऋषि खंडेलवाल, नरेंद्र गुप्ता एवं अलीगढ़ मंडल के विशिष्ट सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# कैंप में बच्चों को मिली खेल, तकनीक और डिजिटल शिक्षा की जानकारी

एनएनआई

**आगरा।** मिढाकुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज में 40 दिवसीय समर कैंप का समापन सोमवार को हुआ। कैंप में बच्चों को खेल, तकनीक और डिजिटल शिक्षा की जानकारी दी गई। शिविर में 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो और टेबल टेनिस जैसे खेलों का प्रशिक्षण लिया। वहीं 50 छात्रों को कंप्यूटर, इंटरनेट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) की बेसिक ट्रेनिंग दी गई समापन समारोह के मुख्य अतिथि अपर मंडलायुक्त राजेश



कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण भारत की नई पहचान बना रहे हैं। यहां जो समर्पण देखा, वह किसी भी बड़े संस्थान से कम नहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संयुक्त शिक्षा निदेशक, डॉ. मुकेश चंद्र अग्रवाल ने इसे भविष्य के लिए नींव बताते हुए अन्य विद्यालयों से भी ऐसे शिविर आयोजित करने का आह्वान किया। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पदक व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि, यह शिविर शासन, विद्यालय और समाज के सहयोग का परिणाम है। हम भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखेंगे। समापन समारोह की तस्वीरों ने यह दिखाया कि शिक्षा अब केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व को तराशने का माध्यम बन चुकी है। मिढ़ाकुर मॉडल कॉलेज ने सचमुच एक नया मानक स्थापित किया है।

# समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो होगा आंदोलन



एनएनआई

**बाह।** तहसील बाह के सभागार में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) और 14 विभागों के अधिकारियों के बीच चली मैराथन बैठक में छुट्टा मवेशी के आतंक,जलभराव, बिजली कटौती और अतिक्रमण से मुक्ति की मांग उठी। समाधान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों ने 15 दिन की मोहलत मांगी है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के बड़े आंदोलन के बाद सोमवार को तहसील सभागार में एसडीएम हेमंत कुमार की मौजूदगी में 14 विभागों के अधिकारियों और संगठन के पदाधिकारियों के बीच वार्ता हुई। तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने, सफाई कराए जाने, जलभराव से मुक्ति दिलाए जाने और संक्रामक रोगों से बचाव को कीटनाशक छिड़काव किए जाने के लिए खंड विकास अधिकारियों, स्वास्थ्य अधीक्षकों ने समयबद्ध कार्य योजना बना कर समाधान का आश्वासन दिया। सड़क की काटी गई पटरियां दुरुस्त कराने, पटरियों पर लगाए गये बिजली के खम्भे हटा कर किनारे पर लगाए जाने की मांग उठाई गई, जिससे हादसे का खतरा न रहे। बिजली कटौती को लेकर शैड्यूल के मुताबिक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने का आश्वासन जिम्मेदार अधिकारियों ने दिया। भाकियू के तहसील अध्यक्ष भानु प्रताप उर्फ मोनू शर्मा ने आलू की बुवाई से पहले खेतों की सिंचाई के लिए सफाई कर नहर में पानी छोड़े जाने की मांग उठाई। अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था किए जाने, अल्ट्रा साउंड मशीन को चालू किए जाने, पैथोलॉजी लैब में खून की जांच की व्यवस्था किए जाने की मांग पर एसडीएम ने अधीक्षकों को निर्देश दिए। केसीसी के नाम पर बैंकों में किसानों का उत्पीड़न बंद होना चाहिए। पंचायत दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की रही। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र भदौरिया, अरविंद शर्मा, दिनेश परिहार, ओमकार शर्मा, जितेन्द्र यादव, गजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र तोमर, कैलाश भदौरिया, सप्तान वर्मा, सचिन सिंह, परशुराम बघेल, रामलखन सिंह, भोलू तोमर, अंकित यादव, राधेश्याम, ब्रजमोहन आदि रहे।

## हवन यज्ञ के साथ आज होगा अटल महाविद्यालय में प्रवेश

एनएनआई

**बाह।** चंबल के बीहड़ में बसे बाह के बाघराजपुरा गांव में 8.72 करोड़ की लागत से अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय की स्थापना हुई है। मंगलवार को बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। प्राचार्य डॉ. चंद्रपाल सिंह तोमर ने बताया कि तीनों संकायों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

प्रवेश प्रक्रिया की शुरूआत बाह की विधायक पक्षालिका सिंह हवन यज्ञ के साथ करेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया कि बीहड़ पट्टी के बेटे बेटियां महाविद्यालय की स्थापना से अपने उच्च शिक्षा के सपने को पूरा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही बटेश्वर में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना का काम शुरू होगा।

स्वीकृति के साथ जमीन चिंन्हित कर ली गई है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में उनके विधानसभा क्षेत्र में 2 राजकीय महाविद्यालय की स्थापना से यमुना चंबल के बीहड़ पट्टी के गांवों की बेटियों की उच्च शिक्षा की पढ़ाई आसान हो जाएगी।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का बिल्हैनी कालेज में हुआ सम्मान



एनएनआई

**आगरा।** विकासखंड बरौली अहीर के बीआरआई इंटर कॉलेज बिल्हैनी कबीश इंटर कॉलेज में सोमवार को यू पी बोर्ड परीक्षा में 2025 में आगरा जनपद का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं व अन्य का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे आये जिला आगरा के विद्यालय निरीक्षक विश्व प्रताप सिंह का बीआरआई इंटर कॉलेज के संस्थापक राजकुमार कुशवाह ने चांदी का मुकुट व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया मुख्य अतिथि ने कॉलेज के इंटरमीडिएट के पांच छात्र छात्रा जिन्होने आगरा जनपद में नाम किया रोशन दिव्या परिहार,रोहित गौला,गरीमा सिंह, अभिषेक कुशवाह,अभिषेक उपाध्याय, करिश्मा ने 89.3प्रतिशत और हाईस्कूल परीक्षा में अंकित सिंह 92.66 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार व अन्य छात्रो को स्कूली बैग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक विश्व प्रताप सिंह टू ने छात्रों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में विशेष रूप से उन युवकों को भी सम्मानित किया गया जो हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित हुए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक विश्व प्रताप सिंह ने कहा कि मेहनत और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने भविष्य को उज्वल बनाएं। कार्यक्रम में संस्थापक राजकुमार कुशवाह, उदयवीर वर्मा,कोमल सिंह निषाद, होतीलाल कुशवाह,डाक्टर शिवराम वर्मा, राजू, जय सिंह , राज वर्मा,एवम अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने अपहरण किए गए किशोर को किया बरामद



एनएनआई

**पिनाहट।** थाना बासौनी क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से घर के बाहर खेल रहे बच्चे को गांव का ही एक युवक बहला फुसला कर घर ले गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर नाबालिक को सकुशल बरामद कर लिया

जानकारी के अनुसार थाना बासौनी क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी श्रीमती सावित्री देवी ने थाना बासौनी में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका नाबालिक पुत्र घर के बाहर खेल रहा था नाबालिक को बच्चू सिंह पुत्र मुन्नालाल घर से बहला फुसलाकर ले गया।और परिजनों ने नाबालिक की काफी तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिला। उक्त दबंग के द्वारा फोन पर पुत्र को जान से मारने की धमकी दी गयी जिससे परिजन डर गये।जिस पर बासौनी पुलिस ने अपहरण का मुकदमा पंजीकृत करते हुए

नाबालिक बच्चे की तलाश में जुट गयी। सीसीटीवी व सर्विलांस के माध्यम से पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अपहरण किए गए नाबालिक बालक को थाना बासौनी क्षेत्र के अंतर्गत कुंवर खेड़ा के बीहड के पास स्थित सती माता मंदिर के पास से सकुशल बरामद कर लिया है।

# हादसे में मृत लोगों के परिवार को सांत्वना देने वालों का लगा रहा तांता

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।**धौलपुर भरतपुर हाईवे पर ग्राम दौलतगढ़ के निकट पाइपलाइन के गड्ढे में मिट्टी निकाल रहे लोगों की हुई दर्दनाक मृत्यु के बाद सोमवार को ग्राम उतू में मृतकों के परिवार को सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में मृतक परिवारों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ उनके आश्रितों को कार्यदाई संस्था में नौकरी दिए जाने की मांग की।

कांग्रेस नेता प्रदीप माथुर के नेतृत्व में 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल हादसे में मृतकों के परिवारों से मिलने पहुंचा और परिजनों को सांत्वना देते हुए बताया कि भरतपुर के जिला अधिकारी कमर चौधरी से वार्ता की गई है तथा उन्होंने मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता दिए जाने के लिए रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेजी है एवं आगरा के मंडल आयुक्त से भी वार्ता की गई साथ ही बताया कि दोनों प्रदेश सरकारों को मृतको के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए एवं जिम्मेदार कार्यदाई संस्था कंपनी द्वारा भी मृतकों के आश्रितों को नौकरी एवं मुआवजा दिया जाना चाहिए। उक्त संबंध में जिला अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मंडल आयुक्त से भी मिलेगे उन्होंने बताया कि उक्त घटना के संदर्भ में पार्टी हाई कमान को अवगत कराया गया है। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष राम नाथ सिकरवार, अशोक चौधरी, अमित दिवाकर, राघवेंद्र सिंह मीनू ,अरुण शर्मा ,हेमंत सिंह चाहर ,मनोज जैन, अमि चंद जाटव, मोहन सिंह ,सतीश सिकरवार ,कमलेश मिश्रा ,जगदीश, यशपाल राणा ,हृदय चौधरी, निसार खान ,अबरार कुरैशी ,मानसिंह सरपंच कुमरपाल माहुरा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

**परिवारजनों से मिले सपा नेता**

रविवार को हुई हृदय विदारक घटना में मृतकों के परिवारजनों से समाजवादी पार्टी जिला महासचिव सुरेन्द्र चौधरी, राशिद हसन, रमजान उस्मानी, अफसार कुरैशी , राहुल चाहर एवं शाबिर कुरैशी ने शोक संवेदना व्यक्त की तथा शासन से परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की।

## सड़क दुर्घटना में घायल वृद्धा की हालत गंभीर

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। सोमवार को घर से जंगल की ओर जा रही वृद्धा को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल वृद्ध के पुत्र ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला कादौबार निवासी संजय की 58वर्षीय मां कुमारवती पत्नी स्व लालाराम लकड़ी लेने जंगल जा रही थी। इसी दरमियान स्वागत मैरिज होम के सामने तेज रफ्तार बाइक सवार ने कुमारवती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कुमारवती गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। संजय के अनुसार कुमारवती की हालत गंभीर है।

# ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी करने पर हुआ मुकदमा दर्ज

**घिरोर/मैनपुरी** एनएनआई। इटावा कथावाचक के साथ हुई घटना के बाद से ब्राह्मण समाज के खिलाफ सोशल मीडिया पर की जा रही अभद्र टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में आक्रोश है। ब्राह्मण समाज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष घिरोर गांव लपगवां निवासी आलोक मिश्रा उर्फ सेतु पुत्र कमलेंद्र मिश्रा ने घिरोर पुलिस को वायरल वीडियो सहित दी तहरीर में बताया कि जयकार यादव नगला झील थाना घिरोर ने सोशल मीडिया ऐप इस्टाग्राम पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का वीडियो पोस्ट किया है। इसमें ब्राह्मण समाज के लोगों के लिए अपमानजनक बातें कहीं जा रही हैं। जिससे ब्राह्मण समाज में तनाव बढ़ता जा रहा है। वीडीओ पोस्ट करने वाली आईडी शास्त्री विमल बघेल के नाम से है। पुलिस ने ब्राह्मण युवक की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

इस मामले में आरोपी पर बीएनएस की धाराएं 196(1), 299, 352, 253(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जयकार शास्त्री उर्फ ओमकार सिंह यादव पुत्र मुंशीलाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कोसमा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दर्शन सिंह विनोद कुमार थाना प्रभारी घिरोर को मामले की जांच सौपी गई है।

## संपादकीय

# एससीओ में नापाक गठजोड़

शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ)के सम्मेलन में संयुक्त बयान पर हुआ घटनाक्रम चीन और पाकिस्तान का आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई को कमजोर करने का प्रयास है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) किसी का निजी संगठन नहीं है। चीन, भारत, पाकिस्तान समेत 10 देशों के रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन था, लिहाजा सभी के सरोकार और खासकर आतंकवाद पर उनकी चिंताओं को ह्यसाझा बयानह्ल में शामिल किया जाना चाहिए था, लेकिन भारत के पहलगाम नरसंहार का उल्लेख तक नहीं किया गया। सीमापार आतंकवाद पर भारत के नजरिए को नकारा नहीं जा सकता। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिल्कुल ठीक किया। ऐसे साझा बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए, जो चीन और पाकिस्तान के नापाक गठजोड़ का दस्तावेज था और आतंकवाद पर नजरिया एकतरफा था।यदि एससीओ आतंकवाद पर कुछ टिप्पणी करना चाहता था, आतंकवाद की निंदा करते हुए उसे खारिज करना चाहता था, तो साझा बयान के दस्तावेज में पहलगाम नरसंहार का जिक्र क्यों नहीं किया गया? यह दोगली रणनीति लगती है। यहीं चीन और पाकिस्तान की आतंकवाद पर नीयत और दृष्टि साफ हो जाती है। भारत के रक्षा मंत्री ने आतंकवाद की प्रत्येक साजिश और हरकत को आपराधिक और अनुचित करार दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का पक्षधर देश है। इसमें आतंकवाद के खिलाफ खुद का बचाव करने का भारत का अधिकार भी शामिल है।

एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद सरीखे मुद्दों पर साझा रणनीति तय करना है। दस्तावेज में बलूचिस्तान की कथित आतंकी गतिविधियों, जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर आतंकी हमले, को शामिल किया गया है, लेकिन पहलगाम नरसंहार को नजरअंदाज किया गया है। भारत को यह स्वीकार्य नहीं था। दुनिया पाकिस्तान के आतंकी रिकॉर्ड को अच्छी तरह जानती है।बलूच आर्मी के लड़ाके, हुकूमत के खिलाफ, विद्रोह कर रहे हैं, लेकिन उसे भारत द्वारा प्रायोजित आतंकवाद करार देना खोखला आरोप है।पाकिस्तान की ओर से यह कोशिश की गई कि बलूचिस्तान में हुई घटनाओं और वहां की स्थिति को संयुक्त बयान में जगह मिले। यह एक सोची-समझी रणनीति थी। वर्तमान एससीओ अध्यक्ष होने के नाते सदस्यों के बीच संतुलन की जिम्मेदारी चीन की थी, लेकिन उसने हमेशा की तरह पाकिस्तानी अजेंडे को आगे बढ़ाया। दोनों को ही पता है कि आतंकवाद पर होने वाली किसी भी बात का सिरा पाकिस्तान तक ही पहुंचेगा। चीन ऐसा नहीं होने दे सकता, क्योंकि भारत के खिलाफ इस्लामाबाद उसका मोहरा है। चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी पाकपरस्त आतंकियों को बचाता रहा है। यदि वह नापाक गठजोड़ एससीओ में भी जारी रहा है, तो साफ मायने हैं कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन अपने घोषित मकसद से भटक रहे हैं। भारत जिस आतंकवाद से संत्रस्त रहा है, उसका केंद्र पाकिस्तान ही है और पाकिस्तान का सदाबहार मित्र चीन है।आतंकवाद के मसले पर समूची दुनिया में एक राय देखी जाती है कि जब तक इसके खिलाफ संयुक्त मोर्चा नहीं खोला जाएगा, इस पर पूरी तरह काबू पाना संभव नहीं होगा।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस बात की अपेक्षा और मांग की जाती है कि किसी भी देश या समूह को इस मामले में दोहरा रवैया नहीं अपनाना चाहिए। मगर आतंकवाद की समस्या से उपजी फिक्र तब बेमानी हो जाती है जब क्षेत्रीय सहयोग के लिए गठित देशों के किसी समूह में आतंक का सामना करने को लेकर दोहरे पैमाने अपनाए जाते हैं। संयुक्त बयान को आतंकवाद के मुद्दे से भटका कर चीन और पाकिस्तान ने संगठन की विश्वसनीयता व उद्देश्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जब कोई संगठन अपने ही मूल सिद्धांतों से पीछे हटने लगे, तो फिर उसका अंतरराष्ट्रीय कद और प्रभाव भी गिरने लगता है। एससीओ इसका शिकार न हो, इसके लिए दूसरे सदस्य देशों को चीन-पाकिस्तान की चालबाजियों को समझना होगा।सवाल है कि इस सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए संगठन के सदस्य देश हिस्सा ले रहे हैं, तो भारत में आतंकवाद पर उनके दोहरे पैमाने दुनिया के सामने इसके खिलाफ लड़ाई का कैसा रास्ता तैयार करेंगे। वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान आतंकवाद को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शह देने की अघोषित नीति पर काम करता है और अपनी सीमा में आतंकवादियों को पनाह देता रहा है! भारत में घुसपैठ से लेकर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और आतंकी हमलों का सिरा कहां से जुड़ा होता है, यह छिपा नहीं है।इस तथ्य को दुनिया के ज्यादातर देश भली-भांति जानते हैं। खुद चीन के बेजिंग में कुछ वर्ष पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोषणापत्र में इस तथ्य को शामिल किया गया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। फिर पहलगाम में पर्यटकों पर बर्बर हमलों में भी पाकिस्तान से आए आतंकियों का हाथ होने की बात सामने आई थी। इसके बावजूद एससीओ सम्मेलन के संयुक्त बयान में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं किया जाना क्या दशार्ता है?चीन और पाकिस्तान ने एससीओ की इस मूल भावना के विपरीत काम किया है। अपने तुच्छ हितों के लिए उन्होंने ऑर्गनाइजेशन के मकसद को भुलाकर कूटनीतिक संकट पैदा कर दिया।

# आइए मनाएं चिकित्सक दिवस




देश के भीतर बिना बंदूक के जो प्रहरी अपनी जनता की स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिए प्रथम मोर्चे से लेकर आखिरी पायदान तक अपने प्राणों की चिंता ना करते हुए जानलेवा बीमारियां जैसे कोविड-19 एड्स ,इबोला, अनेक तरह के फ्लू एवं अन्य सैकड़ो बीमारियों से लड़ता हुआ, जो राष्ट्र की सुरक्षा करता है, ऐसा प्रहरी, ऐसा सैनिक चिकित्सक कहलाता है। हमारा राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पहली बार 1 जुलाई 1991 को डा .बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया गया था ताकि स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी जा सके । डा विधान चंद्र रॉय (01 जुलाई 1882—1 जुलाई 1962) एक चिकित्सक तथा स्वतंत्रता सेनानी थे। वे पश्चिम बंगाल के द्वितीय मुख्यमंत्री थे। 23 जनवरी 1948 से उनकी मृत्यु तक, 14 वर्ष तक वो इस पद पर रहे। उनको आधुनिक पश्चिम बंगाल का निमार्ता माना जाता है। उनके जन्मदिन एवं मृत्यु दिन 1 जुलाई को भारत में चिकित्सा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्हें वर्ष 1961 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

वर्ष 1976 में उनकी स्मृति में चिकित्सा, विज्ञान ,सार्वजनिक मामलों, दर्शन कला और साहित्य के क्षेत्र में काम करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति को मान्यता देने के लिए बी.सी. राय राष्ट्रपति पुरस्कार की स्थापना की गई थी! डा. रॉय का जन्म मानकीपुर ,पटना बिहार के एक प्रवासी बंगाली कायस्थ परिवार में हुआ था। माता-पिता के ब्रह्मसमाजी होने से डॉक्टर राय पर ब्रह्म समाज का प्रभाव बचपन से ही था ।उनके पिता प्रकाश चंद्र राय डिप्टी मजिस्ट्रेट थे, पर उनकी दानशील प्रवृत्ति के कारण वह कभी अर्थ संचय ना कर पाए। डा. राय का प्रारंभिक जीवन अभाव में बीता। बीए परीक्षा उत्तीर्ण कर 1909 में कोलकाता जाकर, उन्होंने एम. डी. की परीक्षा उत्तीर्ण की । योग्यता छात्रवृत्ति के अतिरिक्त अस्पताल में नर्स का कार्य करके अपना जीवन यापन करते रहे ।अत्यंत मेधावी होने की वजह से एम.एल.पी. के बाद एम. डी .परीक्षा 2 वर्षों की अल्पावधि में उत्तीर्ण कर कीर्तिमान उन्होंने स्थापित किया ।उच्च अध्ययन के लिए वो इंग्लैंड गए। बड़ी कठिनाई से वहां प्रवेश पाने के बाद 2 वर्षों में ही एम. आर.सी.पी. तथा एफ.आर.सी.एस. परीक्षाएं की। कष्टमय एवं साधनापूर्ण विद्यार्थीजीवन की नींव पर ही उनके महान व्यक्तित्व का निर्माण हुआ।

विश्व के डॉक्टर में डॉक्टर राय का प्रमुख स्थान था वह रोजी का चेहरा देखकर ही रोग का निदान और उपचार बता देते थे। अपनी मौलिक योग्यता के कारण 1909 में रॉयल सोसाइटी ऑफ मेडिसिन, 1925 में रॉयल सोसाइटी ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन तथा 1940 में अमेरिकन सोसायटी आफ चेस्ट फिजिशियन के फैलो चुने गए। 1939 से 1945 तक ऑल इंडिया मेडिकल काउंसिल के अध्यक्ष रहे। इसके अतिरिक्त कोलकाता मेडिकल क्लब ,इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जैसी अनेक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के अध्यक्ष या संस्थापक सदस्यों में रहे।

वर्षों तक अपनी कार्य कुशलता के कारण कोलकाता कॉरपोरेशन के सदस्य रहने के बाद दो बार मेयर चुने गए। 15 अगस्त 1947 को उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया पर उन्होंने प्रदेश की राजनीति में रहना अधिक उपयुक्त माना। बंगाल के स्वास्थ्य मंत्री रहने के बाद 1948 में प्रदेश के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए और जीवन पर्यंत इस पद पर बने रहे।

समाज में डॉक्टरों की अति महत्वपूर्ण भूमिका होती है ।वह अपना जीवन मरीजों की भलाई के लिए समर्पित करते हैं। बीमारी या स्थिति से ठीक होने में सहायता करते हैं और उनके जीवन में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाते हैं क्योंकि वे चिकित्सा विज्ञान को अच्छी तरह समझते हैं और मरीजों की चिकित्सा स्थितियों के इलाज करने और जीवन प्रत्याशा बढ़ाने के लिए अपने ज्ञान को समर्पित करते हैं। आजकल कई घटनाओं में मरीजों के रिश्तेदारों द्वारा हमले किए जाने के बावजूद डॉक्टर ने कभी हार नहीं मानी। आम जनता के लिए अपनी सेवाएं निरंतर जारी रखीं। उनके योगदान और अथक प्रयासों को ना तो भूला जा सकता है और ना ही नकारा जा सकता है।

अभी विश्व में कॉविड के रूप में मानव इतिहास की सबसे भयानक बीमारी देखी है। जब सगे संबंधी भी मरीजों को नहीं छू रहे थे, तब सैकड़ों चिकित्सकों ने अपने प्राणों को पिघला कर रोगियों में प्राण संचारित किए थे। ऐसे वंदनीय, प्रशंसनीय,अनुकरणीय सेवा भावी चिकित्सकों को नमन करने का दिन है। भारत में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस समाज में डॉक्टरों की भूमिका के महत्व को पहचान कर उसकी सराहना करने के लिए मनाया जाता है। इस विशेष दिवस पर प्रत्येक भारतीय को अपने देश के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले कुशल चिकित्सा विशेषज्ञों पर गर्व महसूस करना चाहिए और चिकित्सा आपात स्थितियों के दौरान उनके प्रयासों और योगदान के लिए आभारी भी होना चाहिए। समाज को स्वस्थ रखने के लिए चाहे दिन हो या रात चिकित्सक निस्वार्थ कार्य करते हैं और कई बार व्यक्तिगत बलिदान भी देते रहते हैं। उनका परिवार ,दुनिया, धन दौलत ,ऐश्वर्या अनेकों बार मरीजों पर निछावर होते हुए देखा है। इलाज ही नहीं बीमारी की रोकथाम, स्वास्थ्य का प्रबंधन ही उनकी अटूट प्रतिबद्धता है। चिकित्सकों के इसी समर्पण के योगदान को पहचानने और समुदाय के लिए उनके द्वारा किए गए सभी कार्यों की सराहना करने के लिए चिकित्सक दिवस मनाया जाता है।

बीमारी शुरू होने से पूर्व ही चिकित्सक समाज को जगाता रहता है ।बीमारी के दौरान, बीमारी को हराकर उसके बाद मरीज को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाते हुए बीमारी के हर स्तर पर चिकित्सक मरीज और उसके परिवार के साथ खड़ा हुआ दिखाई देता है ।इन सभी कार्यों के लिए, समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं शिक्षित करने में भी चिकित्सक सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाता है। लेकिन जिन कठिन, ना दिखने वाली परिस्थितियों से चिकित्सक घिरा होता है उसको समाज नहीं देख पाता। कम से कम 10—12 वर्ष की कठिन पढ़ाई के बाद प्रतिदिन लंबे और अनियमित घंटों के कार्य, सप्ताह अंत का अर्थ खो चुके चिकित्सकों का जीवन जब छुट्टियों के लिए तरसता है तो वह वेदना समाज पढ़ नहीं पता। अत्यधिक दबाव में चिकित्सक को कार्य करने की ट्रेनिंग उसके मेडिकल करिकुलम से ही मिल जाती है।

इस वर्ष का थीम है Behind the mask-who heals the healer. चिकित्सक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है।डॉक्टर्स जो दूसरों को ठीक करने मै लगे रहते हैं,अधिकतर अपने स्वास्थ्य का और अपना ख्याल रखना भूल जाते है। ये थीम स्वयं मै परिभाषित करती है चिकित्सकों के लिए चिंता होना। अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन, किसी भी मानसिक तनाव की स्थिति में चिकित्सक करता है। इसलिए आज चिकित्सक होने के नाते मैं समाज के प्रत्येक वर्ग से आवाहन करूंगा कि वे चिकित्सक के इस दृष्टिकोण को समझते हुए अपना पूरा आभार, अपना पूरा प्रेम अपने चिकित्सक को दें और छोटे-छोटे तरीकों से अपना प्रेम दिखाने में अहम भूमिका निभाएं। जब समाज धन्यवाद, शुक्रिया के भाव से चिकित्सक को देखेगा, तभी आज के दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी।



**डा पंकज नगायच**
अध्यक्ष निर्वाचित,इंडियन मेडिकल कॉलेज आगरा।
सह संयोजक ब्रज क्षेत्र चिकित्सा प्रकोष्ठ बीजेपी।

# फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी स्टार पूरी तरह सुरक्षित नहीं–ऐश्वर्या

ऐश्वर्या राय अपने समय की सबसे खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस मानी जाती थीं। उनकी अदाकारी , एक्टिंग और लुक्स ने उन्हें इंटरनेशनल पहचान दिलाई है। दर्शकों के दिलों पर ये आज भी उतना ही राज करती हैं, लेकिन एक समय ऐसा था जब ऐश्वर्या शाहरुख खान के साथ चलते चलते, वीर जारा और कल हो न हो जैसी बड़ी फिल्मों में नजर आने वाली थीं। पर बिना किसी वजह से उन्हें अचानक से इन फिल्मों से बाहर कर दिया गया, जिससे उन्हें गहरा झटका लगा, वह खूब दुखी हुई थीं। ऐश्वर्या ने खुद सिमी ग्रेवाल के इंटरव्यू में बताया था कि फिल्म से निकालना या निकलना, यह उनका फैसला नहीं था। उन्हें कभी इस फैसले की वजह भी नहीं बताई गई। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ ही नहीं आया कि ऐसा क्यों हुआ और उस वक्त उन्हें बहुत दुख और हैरानी हुई थी कि आखिर उनके साथ ऐसा क्यों हुआ। इन सब एक्सपीरियंस से ऐश्वर्या को यह एहसास हुआ कि फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी स्टार पूरी तरह सुरक्षित नहीं होता. किसी भी बड़े से बड़े स्टार को भी आखिरी वक्त पर फिल्म से बाहर निकाला जा सकता है। इन मुश्किलों के बावजूद ऐश्वर्या ने हार नहीं मानी और गुरु, देवदास, जोधा अकबर, धूम 2 जैसी शानदार फिल्में देकर खुद को साबित किया।





# टीवी इंडस्ट्री में बदल रही महिलाओं की स्थिति सराहनीयः नायरा बनर्जी

टेलीविजन अभिनेत्री नायरा बनर्जी ने छोटे पर्दे पर जेंडर भेदभाव से परे भूमिकाओं के बदलते स्वरूप पर बात की। उन्होंने महिला–केंद्रित शो की बढ़ती लोकप्रियता की सराहना की। हालांकि, अभिनेत्री का मानना है कि वास्तविक रूप से जिंदगी के गाड़ी के ये दोनों पहिए जरूरी हैं। नायरा ने कहा, सच्ची कहानियां दोनों जेंडर की भावनाओं को दिखाती हैं, क्योंकि परिवार और अच्छी कहानियां साझा अनुभवों पर बनती हैं। उन्होंने बताया, पहले फिल्मों में महिलाएं सिर्फ सजावटी किरदार थीं। अब टीवी पर स्थिति उलट है, महिलाएं मुख्य भूमिकाओं में हैं और पुरुष पृष्ठभूमि में। मुझे लगता है कि दोनों को बराबर महत्व मिलना चाहिए। परिवार जोड़ों से बनते हैं और दोनों की भावनाएं मायने रखती हैं। टीवी भले ही महिलाओं को ज्यादा तवज्जो देता हो, लेकिन वास्तविक कहानियों में दोनों का योगदान जरूरी है।' नायरा ने अपने नए म्यूजिक वीडियो 'मैं तेरी हूं' के बारे में भी बताया। इस गाने को अहान ने गाया और लिखा है। नायरा ने कहा, 'इस गाने के बोल 'मैं तेरी हूं' ने मुझे बहुत प्रभावित किया। छह महीने पहले मैंने इसे सुना और तुरंत पसंद कर लिया, लेकिन व्यस्तता के कारण शूटिंग नहीं कर पाई। बाद में जब यह गाना फिर से मेरे पास आया, मैंने तुरंत हामी भर दी।' 'दिव्या दृष्टि' फेम अभिनेत्री ने सच्चे प्यार की परिभाषा पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'आज के भावनात्मक रूप से नाजुक दौर में आत्म–प्रेम सबसे जरूरी है। मानसिक और शारीरिक शांति बनाए रखना महत्वपूर्ण है। मुझे प्यार और शादी का विचार पसंद है। दो लोग मिलकर जिंदगी बनाएं और दोस्तों की तरह एक साथ बूढ़े हों। मुझे उम्मीद है कि ऐसा प्यार आज भी मौजूद है।' अभिनय करियर की बात करें तो नायरा ने 'दिव्या दृष्टि' में मुख्य भूमिका से लोकप्रियता हासिल की। इसके अलावा, वह 'फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 13' और 'बिग बॉस 18' में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवा चुकी हैं।

# सपना चौधरी ने हरियाणवी गाने 'बालूशाही' से उड़ाया गर्दा



सपना चौधरी अपने जबरदस्त डांस और मासूम चेहरे से लाखों लोगों का दिल जीत चुकी हैं। एक्ट्रेस का एक हरियाणवी गाना लोगों को बहुत भा रहा है, जिसमें वे अपनी अदाओं से दर्शकों का मन मोह रही हैं। वे वायरल म्यूजिक वीडियो 'बालूशाही' में खास अंदाज में दिख रही हैं। वे अपने लटके–झटकों से युवाओं के दिलों में घर कर गई हैं। सपना चौधरी का यह गाना पिछले साल रिलीज हुआ था, लेकिन यूट्यूब पर इसे आज भी खूब देखा जा रहा है। यह गाना रिलीज होते ही छा गया था। लोगों को अशोक पूनिया के साथ सपना की जोड़ी काफी पसंद आई थी। दोनों लवर्स के किरदार में जंच रहे हैं। वे मैरून रंग की ड्रेस में सपना काफी अच्छी लग रही है। सपना एक ऐसी प्रेमिका के रोल में है, जिसे अपने प्रेमी से दूरी बर्दाश्त नहीं हो रही है। गाने 'बालूशाही' को राज मावर और मनीषा शर्मा ने मिलकर गाया है, जबकि इसका संगीत आरके ने तैयार किया है। गाने के बोल प्रहलाद फागना ने लिखे हैं। म्यूजिक वीडियो के डायरेक्टर साहिल संधू हैं। इसे अजय लोहान ने एडिट किया है। इसमें सपना का डांस ही नहीं, किरदार भी लोगों को भा रहा है।

# साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 537 रन का दिया टारगेट

## दूसरी पारी में 369 पर ऑलआउट, वियान मुल्डर का शतक

**बुलवायो।** साउथ अफ्रीका ने बुलवायो टेस्ट में जिम्बाब्वे को जीत के लिए 369 रन का टारगेट दिया है। इतना ही नहीं, मेजबान टीम को 32 रन पर एक झटका भी दे दिया है। सोमवार को तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर प्रिंस मास्वाउरे 5 रन पर नाबाद लौटे। जबकि ताकुद्ज्वानाशे कैटानो 12 रन बनाकर आउट हो गए। साउथ अफ्रीकी टीम ने दूसरी पारी 49/1 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 369 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम को पहली पारी में मिली 167 रनों की बढ़त मिली थी।

अफ्रीका ने पहली पारी 418/9 पर डिक्लेयर की, जबकि जिम्बाब्वे 251 रन पर ऑलआउट हो गई थी। डी जोरी 9 रन ही बना सके, मुल्डर का शतक 22 रन के स्कोर से दिन की शुरूआत करने वाले टोनी डी जोरी ज्यादा देर बल्लेबाजी नहीं कर सके। वे 33 रन बनाकर आउट हो गए। जबकि 25 रन से आगे खेलने वाले वियान मुल्डन ने 147 रनों की शतकीय पारी खेली।





# इंग्लैंड अंडर-19 ने भारत को एक विकेट से हराया

## कप्तान थॉमस रियू ने 131 रन की पारी खेली, सीरीज 1-1 से बराबरी पर



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने भारत की अंडर-19 टीम को नॉर्थैम्पटन में खेले गए दूसरे वनडे मैच में एक विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने पांच मैचों की वनडे सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। भारत ने पहला मुकाबला जीता था। सोमवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 49 ओवर में 10 विकेट पर 290 रन बनाए। विहान मलहोत्रा ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 49.3 ओवर में नौ विकेट खोकर 291 रन बनाए कर मैच को जीत लिया। भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे बिना खाते खोले ही पवेलियन लौटे भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे पहली गेंद पर ही आउट हो गए। एलेक्स फ्रेंच ने बोल्ड किया। खराब शुरूआत के बावजूद वैभव सूर्यवंशी और विहान मल्होत्रा ने पारी को संभाला। भारत का दूसरा विकेट 69 रन पर गिरा।

सूर्यवंशी 35 गेंदों में 45 रन बना कर आउट हो गए। वहीं 119 के स्कोर पर विहान भी आउट हो गए। उन्होंने 68 गेंदों का सामना कर 49 रन बनाए। इसके बाद मौल्यराजसिन्ह चावड़ा और अभिज्ञान कुंडु ने पारी को संभालने की कोशिश की। चावड़ा को एलेक्स ग्रीन ने बोल्ड किया। वह 43 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए जबकि कुंडु 41 गेंदो में चार चौके की मदद से 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

इंग्लैंड के खिलाफ राहुल कुमार और कनिष्क चौहान ने भी 290 तक स्कोर पहुंचाने में मदद की। राहुल ने 47 गेंदों पर 47 रन और कनिष्क चौहान ने 40 गेंदों पर 45 रन बनाए। वहीं, आरएस अम्ब्रीश ने चार, मोहम्मद एनान ने छह, हेनिल पटेल ने सात और युद्धजीत गुहा ने एक* रन बनाया। इंग्लैंड की तरफ से एलेक्स फ्रेंच ने सर्वाधिक चार विकेट लिए जबकि जैक होम और एलेक्स ग्रीन को तीन-तीन विकेट मिले।

# अजहर महमूद पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच बने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, अजहर महमूद बतौर असिस्टेंट कोच के रूप में काम कर चुके हैं और लंबे समय से टीम के कोर ग्रुप का हिस्सा रहे हैं। उन्हें खेल की गहरी समझ और अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव है। अजहर के पास हेड कोच बनने की हर क्वालिटी हैं। आकिब जावेद की जगह लेंगे अजहर महमूद पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद की जगह लेंगे, जो जेसन गिलेस्पी के पद छोड़ने के बाद ये जिम्मेदारी निभा रहे थे। गिलेस्पी ने पिछले साल दिसंबर में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 2026 में समाप्त होने वाला था। गिलेस्पी टीम चयन और पिच तैयार करने के अधिकार छीने जाने से ढव्इ से नाराज थे। 2026 तक टीम के हेड कोच ढव्इ ने पिछले साल अप्रैल में अजहर महमूद को दो साल के लिए सहायक कोच बनाया था। वह अपने कार्यकाल 2026 अप्रैल तक टीम के हेड कोच बने रहेंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज पहला असाइनमेंट होगा महमूद का पहला असाइनमेंट साउथ अफ्रीका के साथ 2 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज होगी। साउथ अफ्रीका अक्टूबर-नवंबर में पाकिस्तान का दौरा करेगी। अफ्रीकी टीम 2 टेस्ट मैचों की सीरीज के अलावा 3 वनडे और इतने ही टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी।



# सुदिति ग्लोबल कप का पहला मैच नियति क्रिकेट क्लब ने जीता

**मैनपुरी।** पुलिस लाइन ग्राउंड पर खेली जा रही सुदिति ग्लोबल कप सीरीज का पहला मैच खेला गया। नियति क्रिकेट क्लब के कप्तान सुबोध तिवारी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वहीं पुलिस 11 टीम ने अच्छी शुरूआत करते हुए 20 ओवरों में 158 रन का लक्ष्य दिया। पुलिस 11 की ओर से रविंद्र कुमार ने 87 रन बनाए। राहुल तोमर ने 29 रन तथा एसपी सिटी अरुण कुमार ने 19 रन बनाए। नियति क्रिकेट क्लब की ओर से जीतू ने 2 विकेट और आशुतोष ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नियति क्रिकेट क्लब की शुरूआत अच्छी नहीं रही। दो बल्लेबाज शून्य पर आउट होकर पवेलियन चले गए। उसके बाद आशुतोष दुबे और अभिषेक अग्निहोत्री के बीच अच्छी पार्टनरशिप हुई और आशुतोष ने 33 रन बनाए। वही अभिषेक अग्निहोत्री ने 34 रन बनाए। आशीष राजा ने 31 रन और जीतू ने 27 रन बनाए। पुलिस 11 टीम की ओर से राहुल तोमर ने 3 विकेट तथा नितिन और जयंत ने 1 विकेट लिया। रविंद्र कुमार को भी 1 विकेट मिला रविवार का मैन ऑफ द मैच जीतू को दिया गया।



## मंगलवार, 01 जुलाई राशिफल

मेष राशि के लोगों के लिए आज का दिन राशि राशि से छठे भाव में चंद्रमा के होने से खचीर्ला रहेगा। आपको आज अपने कुछ पेंडिंग बिल और भुगतान करने पड़ सकते हैं। आपको आज वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर रखना होगा, जीवनसाथी के साथ आपका किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है।

आज मंगलवार का दिन वृषभ राशि के लोगों के लिए कुछ मामलों में चुनौतीपूर्ण रहेगा लेकिन आप धैर्य और संयम से आप स्थिति को अनुकूल बनाए रख पाएंगे। वैसे आपको आज भाग्य का भी पूरा साथ मिलेगा। परिजनों का भरपूर सहयोग आपको मिलता रहेगा।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन कमाई में वृद्धि वाला रहेगा। आपका पैसा कहीं फंसा है तो वह आपको वापस मिल सकता है। आप सामाजिक कार्यक्रमों में पूरी रुचि लेंगे जिससे आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा। कोई पुरस्कार मिलने से आप प्रसन्न होंगे।

कर्क राशि के लिए आज मंगलवार को सितारे कहते हैं, आज आपके आसपास का माहौल खुशनुमा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक अच्छी खबरें सुनने को मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको आज भौतिक सुख साधन प्राप्त होगा।

आपकी राशि से आज चंद्रमा दूसरे भाव में हैं अतः आज साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको आज दोस्तों से सहयोग मिलेगा। लेकिन आपको अपने कार्यक्षेत्र में किसी पर भी बहुत सोच समझकर भरोसा करना चाहिए।

कन्या राशि के लिए आज चंद्रमा का गोचर शुभ होगा। आपको आज बुद्धि कौशल का लाभ मिलोग। दोस्तों से सहयोग पाएंगे। जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव दिखेगा। बिजनेस में आज कमाई का अच्छा संयोग बन सकता है। आज आपकी आमदनी भी बढ़ेगी।

तुला राशि के लिए आज का दिन खचीर्ला रहेगा लेकिन आपको आज कुछ महत्वपूर्ण काम भी निपटाने होंगे। बिजनेस में आपको आज कुछ उलझन का सामना करना होगा। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में काम करने वाले जातको को आज कोई बड़ा मौका मिल सकता है।

वृश्चिक राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज का दिन आपके लिए मिश्रित रहने वाला है। नौकरी करने वाले लोगों पर आज अधिक दबाव रहेगा जिससे मानसिक परेशानी बढेगी। एक साथ कई काम मिलने से आपकी चिंता बढ़ेगी, लेकिन बेहतर प्रबंधन और प्लानिंग से स्थिति को संभल पाएंगे।

धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। लव लाइफ में आज आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक दिन बिताएंगे। भाइयों के साथ किसी बात को लेकर तनाव और गलतफहमी होने की आशंका है, रिश्ते में सच्चाई और तालमेल बनाए रखने का प्रयास करें।

मकर राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपको आज सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रियता का लाभ मिलेगा। परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा और कोई अच्छी खबर भी मिलेगी। यदि आज आपके किसी मित्र के साथ कोई विवाद उत्पन्न होता है तो एक-दूसरे के साथ धैर्य से काम लें।

कुंभ राशि के लिए आज चंद्रमा का गोचर अनुकूल रहेगा। ऐस में आज माहौल खुशनुमा रहने वाला है। जीवनसाथी से आपको भरपूर सहयोग मिलता नजर आ रहा है। दोस्तों से भी आज आप सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे हैं।

मीन राशि के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल कहा जा सकता है। किसी कठिन कार्य के संपन्न होने से आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा। अगर आप कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं तो वह भी आज पूरा हो सकता है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# मंत्री सुरेश खन्ना ने किया कोषागार कार्यालय में नव निर्मित सुविधाओं का लोकार्पण



एनएनआई

**आगरा।** मा. मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग सुरेश कुमार खन्ना ने कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार कार्यालय में 1.26 करोड़ रुपए से नव निर्मित पेंशनर कक्ष, शिक्षा एवं सिविल पेंशन अनुभाग, रिकॉर्ड रूम, सीसी रोड, सोलर पैनल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर कूलर एवं आरओ आदि का फीता काटकर लोकार्पण व शिलान्यास किया। प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को बढ़ी पेंशन–300 से 1,000 रुपए के साथ बेहतर बैठने, वातानुकूलित कक्ष और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी। मंत्री ने कहा कि योगी सरकार ने आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश को गरीबों का राज्य से विकास का इंजन बनाया है। कार्यक्रम में विधायक छोटे लाल वर्मा, मंडलायुक्त शैलेंद्र सिंह, जिलाधिकारी अरविंद बंगारी, कोषागार प्रमुख रीता सचान व महिमा चंद सहित अनेक अधिकारी एवं पेंशनर एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और वृद्ध पेंशन योजनाओं से सभी बुजुर्गों को संपूर्ण सहायता मिलेगी।

# एनएमओ की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार, डॉक्टरों ने लिया समाजसेवा का संकल्प

## डॉ. अनुपम गुप्ता बने अध्यक्ष, पदभार ग्रहण समारोह में चिकित्सा व सामाजिक दायित्वों पर मंथन

एनएनआई



**आगरा।** नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (एनएमओ) की नई कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन सोमवार को मॉल रोड स्थित होटल अमर में सम्पन्न हुआ। समारोह में डॉ. अनुपम गुप्ता ने अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करते हुए कहा कि नई टीम चिकित्सकों के हित के साथ-साथ समाज सेवा को भी प्राथमिकता देगी। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. वनज माथुर ने डॉ. अनुपम गुप्ता (अध्यक्ष), डॉ.करण रावत (सचिव) एवं डॉ. राघवेंद्र दुबे (कोषाध्यक्ष) को पदभार सौंपा। उन्होंने समारोह की शुरूआत डॉ. जगदीश गुप्ता द्वारा ओम मंत्र के उच्चारण के साथ कराई। डॉ.करण रावत ने संस्था के उद्देश्यों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि डॉक्टर केवल शरीर का नहीं, समाज का भी चिकित्सक होता है।

डॉ.राघवेंद्र दुबे ने वर्षभर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में केशव (कार्यपालक अधिकारी), दिनेश राठौर (प्रेसिडेंट इलेक्ट), डॉ. अंकुर गोयल सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। डॉ. अनुपम गुप्ता ने डॉ.एके गुप्ता, डॉ. बीएम अग्रवाल, डॉ.संध्या अग्रवाल, डॉ.नरेंद्र मल्होत्रा, डॉ.वी एन कौशल, डॉ.अरुण चतुर्वेदी, डॉ.शम्मी कालरा सहित अन्य चिकित्सकों को पौधारोपण हेतु पौधे भेंट कर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संगठन को नई ऊर्जा के साथ सक्रिय किया जाएगा और कार्यक्रमों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। समारोह में डॉ. पवन गुप्ता ने दवा मूल्य नियंत्रण में सरकार की भूमिका पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि इसका दोष डॉक्टरों पर मढ़ा जा रहा है, जबकि नियंत्रण सरकार का दायित्व है। उन्होंने धन्वंतरि जयंती की परंपरा और चिकित्सकों के मरीजों से संबंधों की संवेदनशीलता पर भी विचार रखे। डॉ.करण रावत ने डॉक्टर्स डे पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। अंत में डॉ.रुबिका जैन ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# पौधे वितरित कर दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

## दि आइकॉनिक ग्लोबल फाउंडेशन और हमारा फतेहाबाद ग्रुप ने किया पौधारोपण आयोजन



आगरा (एनएनआई)। कन्हावन गार्डन में सोमवार को दि आइकॉनिक ग्लोबल फाउंडेशन, आगरा एवं हमारा फतेहाबाद डेवलपिंग ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए जामुन, अमरूद, कदंब, बेलपत्र, अनार सहित औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कुल 71 पौधे अर्जुन, गुलमोहर, हरसिंगार, करौंदा, कनेर, गुड़हल और शरीफा सहित उपस्थितजनों को वितरित किए गए। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अमित लवानिया ने बरसात के मौसम को पौधारोपण के लिए सर्वोत्तम बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। आलोक गुप्ता ने कहा, पेड़ हैं तो जीवन है, वहीं डॉ. मनोज शर्मा ने पौधों की औषधीय महत्ता को रेखांकित किया। पर्यावरणविद् चंद्रशेखर शर्मा ने पेड़ों की वायु शुद्धिकरण और ताप नियंत्रण में भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान ऋतु उपाध्याय, संध्या दौनेरिया, सुजाता गुप्ता व रेनू अनवरिया ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। अवकेश गोलस व आलोक ने दोनों संस्थाओं को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में सुनीता गुप्ता, ममता गुप्ता, यशस्वी लवानिया, अलका, अनीता, रेखा, अंजू, शारदा, प्रीति समेत बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने पौधरोपण को जनांदोलन बनाने का संकल्प लिया।

# व्यापार मंडल ने जीएसटी अपर आयुक्त से की शिष्टाचार भेंट



- कर प्रणाली से जुड़ी समस्याओं पर हुई चर्चा, व्यापारियों को मिला आश्वासन

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल के नेतृत्व में जीएसटी अपर आयुक्त (ग्रेड-1) पंकज गांधी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मंडल ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत व सम्मान किया। बैठक में व्यापारियों को जीएसटी प्रणाली से जुड़ी समस्याओं पर खुलकर चर्चा हुई। इसमें रिटर्न फाइलिंग की तकनीकी दिक्कतें, ऑनलाइन पोर्टल की समस्याएं और कर चोरी की गलत धारणा जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। अपर आयुक्त पंकज गांधी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि कोई भी परेशानी होने पर वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने संवाद की निरंतरता बनाए रखने का आश्वासन देते हुए अपना संपर्क नंबर भी साझा किया। राजकुमार गुरनानी ने बैठक के सकारात्मक माहौल पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे संवाद से व्यापारियों और प्रशासन के बीच विश्वास व समन्वय मजबूत होता है, जिससे उद्योग और व्यापार को नई दिशा मिलती है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार गुरनानी, प्रदेश मंत्री दीपक शर्मा, सुनील जैन, किशोर बुधरानी, मेघराज दियालानी, अनुराग गोयल, विशाल बंसल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

